''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 286 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## आयोग ने 107 दिनों में अभ्यर्थियों के हित में किये कार्य : चेयरमैन हिम्मत सिंह



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि उन्होंने 8 जून 2024 को आयोग का पदभार ग्रहण किया, जिसके बाद 18 जुलाई 2024 को आयोग का पुनर्गठन हुआ। आयोग ने इस वर्ष कुल 56830 अभ्यर्थियों के परिणाम जारी किए जिसमें वर्तमान आयोग द्वारा लगभग 36000 परिणाम घोषित किए गए यह उपलबधि आयोग ने मात्र 56 कार्यदिवस में प्राप्त की। आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह सोमवार को हरियाणा निवास में प्रेस वार्ता को संबोधित कर थे।

चेयरमैन ने आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग कर अभ्यर्थियों को जागरूक किया एवं अभ्यर्थियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि आयोग में पहली बार ऐसा हुआ है कि आयोग के किसी भी पदाधिकारी से कोई भी अभ्यार्थी अपनी शिकायत को लेकर फोन अथवा मैसेज के माध्यम से बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि आयोग ने कोर्ट में अटकी हुई भर्तियों पर अभ्यर्थियों के हित में मजबूती से अपना पक्ष रखा। आयोग द्वारा निकाली गई 24000 भर्तियों के परिणाम पर 266 केस और टीजीटी परीक्षा परिणाम पर 418 केस दायर हुए जिसपर आयोग तीव्रता से कार्यवाही कर रहा है। आयोग ने मात्र 56 दिन में 28 परीक्षाओं को सम्पन्न कराया। आयोग द्वारा अब बची हुई परीक्षाएं भी जल्द आयोजित कराई जाएंगी। राज्य में सबसे बड़ा परिणाम 24000 अभ्यर्थियों का जारी किया गया। प्रति वर्ष की अपेक्षा में इस वर्ष कुल 56830, सबसे ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया गया है।

**प्रति वर्ष के अनुसार डेटा इस प्रकार है:** 2015 में 2780 पदों पर, 2016 में 2229 पदों पर, 2017 में 8403 पदों पर, 2018 में 20141 पदों पर, 2019 में 34649 पदों पर 2020 में 8694 पदों पर, 2021 में 3651 पदों पर, 2022 में 16366 पदों पर, 2023 में 838 पदों पर चयन हुआ। उन्होंने कहा कि आयोग में पहली बार ऐसा हुआ है कि आयोग के चेयरमैन स्वयं आयोग के गेट पर आकर अभ्यर्थियों की शिकायत को सुनते है एवं उन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित भी किया जाता है।

चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा भविष्य के लिए योजना बनाई है जिसके तहत वार्षिक परीक्षा कैलेंडर बनाएंगे। शिकायत हेतु ग्रीवेंस पोर्टल लॉन्च होगा जिस पर निस्तारण का समय तय होगा एवं अभ्यर्थियों को हर एक प्रतिक्रिया की जानकारी मैसेज द्वारा समय समय पर मिलती रहेगी यदि कोई अभ्यर्थी हमारे दिए गए निस्तारण से सहमत नहीं होगा तो वह उस शिकायत पर पुन: शिकायत करने में सक्षम होगा। कोर्ट केस के लिए समाधान शिविर लगाए जाएंगे।

अभ्यर्थियों हेतु OTR (One Time Registration) का प्रावधान लाया जाएगा। सरकार को रिपोर्ट पेश कर CET नई पॉलिसी में संशोधन कर लागू करवाना परन्तु नई पॉलिसी सुधार कुछ पोस्टों पर लागू नहीं होंगी। पेंडिंग परीक्षाओं को कराना एवं बचे हुए रिजल्ट्स को जारी करना। विभागों से सामंजस्य बनाकर ज्वाइनिंग से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि आयोग का पूर्ण प्रयास है कि हर एक अभ्यर्थी को कोर्ट और आयोग जाने की आवश्यकता न हो ,हर एक जानकारी उनको सरलता से मिलती रहे एवं घर बैठे शिकायतों का निस्तारण हो। इस मौके पर आयोग सदस्य भूपेंद्र सिंह चौहान, कपिल अत्रेजा, अमर सिंह एवं सुभाष चंदर आयोग के सचिव विनय कुमार, हस्ष्ठ शंभु राठी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रगति डैशबोर्ड में हरियाणा पहले स्थान पर मुख्य सचिव ने की अपराध ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने पिछले 39 महीनों में लगातार 29 बार प्रगति डैशबोर्ड में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जो जून 2021 से राज्य पुलिस बल की निरंतर उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बात आज यहां मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में हुई अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सी.सी.टी.एन.एस.) की राज्य सर्वोच्च समिति की 29वीं बैठक में सामने आई।

उल्लेखनीय है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पोर्टल की निगरानी केंद्रीय गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) द्वारा की जाती है। इसके अलावा, हरियाणा पुलिस ने हरसमय पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जाने वाली नागरिक सेवाओं के लिए आरटीएस डैशबोर्ड पर भी 10/10 का परफेक्ट स्कोर हासिल किया है। हरियाणा पुलिस ने 26 दिसंबर, 2024 तक 64 लाख 57 हजार से अधिक आवेदनों को संसाधित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया है। इस प्रदर्शन के बल पर हरियाणा पुलिस राज्य के सभी विभागों में सबसे आगे रही है, जहां सरल पोर्टल के माध्यम से सबसे अधिक आवेदन संसाधित किए गए हैं।

बैठक में बताया गया कि सिरसा जिले में ई-समन को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिसे इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया था। मुख्य सचिव को बताया गया कि राज्य में आगामी 31 जनवरी तक ई-समन पोर्टल चालू कर दिया जाएगा। यह भी बताया गया कि वांछित व्यक्तियों और बार-बार अपराध करने वालों की रिहाई पर संबंधित एस.एच.ओ. और पुलिस अधीक्षक को ई-प्रिजन से अलर्ट भेजने का प्रावधान किया गया है। बैठक के दौरान विभिन्न तकनीकी पहलों के कार्यान्वयन के संबंध में हुई प्रगति की भी सूचना दी गई। उल्लेखनीय है कि 29 नवंबर, 2024 को एफआईआर (आईआईएफ-1) प्रणाली में और 20 दिसंबर, 2024 को फाइनल फॉर्म (आईआईएफ-5) प्रणाली में ई-साइन सुविधा की शुरूआत की गई है, जिससे पुलिस रिकॉर्ड के दस्तावेजीकरण और प्रसंस्करण में और अधिक दक्षता आने की उम्मीद है। हरियाणा पुलिस द्वारा ई-साक्ष्य उपयोगकर्ताओं की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 30 अगस्त, 2024 को 14,872 उपयोगकर्ताओं से बढ़कर 27 दिसंबर, 2024 तक 17,655 उपयोगकर्ता हो गई। परिचालन दक्षता में सुधार के अपने प्रयासों के अनुरूप, राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एस.सी.आर.बी.) ने आईओएस के लिए सी.सी.टी.एन.एस. मोबाइल ऐप विकसित किया है। फील्ड में अधिकारियों के लिए सी.सी.टी.एन.एस.सेवाओं की गतिशीलता और पहुंच को और बढ़ाने के लिए यह ऐप जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हरियाणा पुलिस मोबाइल उपकरणों पर सुरक्षित पहुंच की सुविधा के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वी.पी.एन.) स्थापित करने पर भी काम कर रही है। इसकी स्थापना के लिए हारट्रॉन और एन.आई.सी. की सहायता ली जा रही है।

गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार नए आपराधिक कानूनों के तहत विधि अधिकारी के पद सृजित करके तथा रिक्त पदों को भरकर अभियोजन विभाग को मजबूत कर रही है।

बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर, नागरिक संसाधन सूचना विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता तथा एस सी.आर.बी., जेल और सूचना प्रौद्योगिकी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपसथित थे।

## 26 जनवरी तक बनकर तैयार होगा मंझावली यमुना पुल : राजेश नागर

### मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों के संग मंझावली पुल के निर्माण का निरीक्षण किया



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मंत्री एवं तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने आज मंझावली यमुना तट पर बन रहे पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। नागर ने कहा कि 26 जनवरी तक यह पुल पूरी तरह से आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा। राजेश नागर ने उनके निर्माण कार्य का दौरा किया और निर्माण में आ रही देरी के कारणों को जाना। उन्होंने अधिकारियों से पता किया कि इसमें कहां क्या दिक्कत आ रही है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अब यह निर्माण अंतिम चरण में है और अगले महीने 26 जनवरी तक आवागमन के लिए दोनों लाइन खोल दी जाएंगी ।फिलहाल इस पुल पर एक लाइन पर आवाजाही चालू है और नोएडा की तरफ उतारने का काम फाइनल स्टेज पर है।

राजेश नागर ने कहा कि निर्माण कार्य में कई वजह से देरी हुई है जिसमें एनजीटी द्वारा समय-समय पर लगाई गई रोक और यमुना में बाढ़ के कारण शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि हमने अधिकारियों को यह भी ताकीद दी है कि यदि ठेकेदार या किसी अन्य की कोई कमी पाई जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। राजेश नागर ने बताया कि यह पुल उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है, उनकी विधानसभा का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। जिससे दो शहर नहीं बल्कि दो राज्य आपस में मिलने जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि निर्माण में देरी की एक वजह जनसंख्या के अनुपात में पुल निर्माण के डिजाइन में बदलाव करना भी रहा है। जिसके अंतर्गत पुल की ऊंचाई और चौड़ाई दोनों में बढ़ोतरी की गई है। एक बार तो निर्माण होने के बाद पिलर तोड़े गए हैं और दोबारा बनाए गए हैं। इसमें समय और पैसे दोनों का खर्च बढ़ा है लेकिन इसके बन जाने के बाद अगले कई दशकों तक लाखों लोग इसका लाभ ले पाएंगे। वहीं फरीदाबाद और नोएडा के बीच की दूरी सिमट जाएगी। राजेश नागर ने बताया कि सुखद यह है कि तमाम दिक्कतों के बाद अब यह पुल जल्द ही जनता को मिल जाएगा।

## रेडक्रॉस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के निर्देशानुसार सोसाइटी द्वारा रक्तदान गाँव की ओर मुहीम के तहत ग्राम पंचायत बहादुरपुर और जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा एक स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।।शिविर के संयोजक चौधरी रविन्द्र सरपंच और अनिल चौधरी के आह्वान पर ग्रामीणों ने रक्तदान मे बढ़चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर 70 रक्त की यूनिट एकत्रित की गई।

मुख्य अतिथि जिला रैड क्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सोरौत द्वारा शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और शिविर में उपसथित ग्राम पंचायत के व्यक्तियों को रक्त के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी साँझा करते हुए बताया कि समय समय पर रक्तदान करना चाहिए इससे शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। स्वस्थ आदमी ही रक्तदान कर सकता है और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। मानव सेवा में जितने भी लोग लगे हैं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उन सभी का अभिनंदन करती है। शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी के द्वारा बताया कि समाज में रक्त जितना महत्वपूर्ण कार्य दूसरा नहीं है। एक प्रति यूनिट से दो से तीन लोगों का जीवन बचाने जैसा महान कार्य होता है। यह सभी योद्धा प्रेरणा स्रोत है। हम इनका जितना भी सम्मान करें वह कम है। सैनी ने जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी साँझा करते हुए रैड क्रॉस नशामुक्ति केंद्र के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। चौधरी रविंदर सिंह ग्राम पंचायत बहादुरपुर के सरपंच द्वारा रेडक्रॉस की तारीफ करते हुए कहा कि रेडक्रॉस समाजसेवियों की बहुत बड़ी संस्था है। समाजसेवा के क्षेत्र में रेडक्रॉस अव्वल है। उन्होंने बताया कि ज़िला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद एवं ग्राम पंचायत बहादुरपुर के संयुक्त तत्वावधान मे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर किया जाएगा। डॉ एम पी सिंह आजीवन सदस्य रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के द्द्वारा रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया।

## सिल्वर जुबली कैश प्राइज मिक्स कॉरपोरेट कप टूर्नामेंट का आयोजन




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** 25वां रविंदर फागना सिल्वर जुबली कैश प्राइज मिक्स कॉरपोरेट कप टूर्नामेंट 202425, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच सूनर्स क्लब ओर आर्सेनल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में आर्सेनल क्रिकेट क्लब ने सूनर्स क्लब को 41 रन से हराया। यह मैच 20-20 ओवर का था और सूनर्स क्लब ने पहले टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। आर्सेनल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 202 रन का लक्ष्य दिया। आर्सेनल क्रिकेट क्लब की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए गौरव गुसाईं ने 47 गेंदों पर 9 चौको और 1 छक्कों की मदद से 74 रन, योगेश ने 30 गेंद पर 4 चौके की मदद से 36 रन बनाए। सूनर्स क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए दिलीप चौरसिया ने 4 ओवर में 41 रन देकर 3 विकेट, अनिल रावत ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट, संतोष ओर अमित यादव ने 11 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए सूनर्स क्लब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। सूनर्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कार्तिकेय ने 25 गेंद पर 3 चौके,1 छक्के की मदद से 30 रन और दिलीप चौरसिया ने 22 गेंद पर 2 चौके 2 छक्के की मदद से 29 रन बनाए।

आर्सेनल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए फरहान सिद्दीकी ने 3 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट, योगेश ने 4 ओवर में 18 रन देखकर 2 विकेट, राम, नेगी और गौरव गोसाई ने 11 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच गौरव गुसाईं को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच दिलीप चौरसिया को घोषित किया।

## विपुल गोयल ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रगति की समीक्षा की, प्रमुख पहलों पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गिरदावरी (ग्राम भूमि रिकॉर्ड) के काम में तेजी लाएं तथा राज्य के विभिन्न जिलों में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आकलन करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री गोयल ने राज्य में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा प्रणाली को तत्काल उन्नत करने तथा उसे बेहतर बनाने का भी आह्वान किया।

**फसल क्षति आकलन पर त्वरित कार्रवाई**

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के काम की समीक्षा करते हुए श्री गोयल ने हाल ही में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का समय पर तथा सटीक आकलन करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि गिरदावरी प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए तथा राजस्व अधिकारी प्रभावित जिलों में फसल क्षति की सीमा का तुरंत आकलन करना शुरू करें। श्री गोयल ने कहा कि इन महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ओलावृष्टि के कारण नुकसान झेलने वाले किसानों को राज्य सरकार से समय पर मुआवजा और सहायता मिलना सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया।

**अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को उन्नत करने की तत्काल आवश्यकता**

बैठक में, श्री गोयल ने राज्य की अग्नि और आपातकालीन सेवा प्रणाली को आधुनिक मानकों के अनुरूप उन्नत करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इन सेवाओं को नवीनतम तकनीक, उन्नत प्रशिक्षण और पर्याप्त संसाधनों से लैस करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अग्नि और आपातकालीन सेवाओं के आधुनिकीकरण से उनकी दक्षता, सुरक्षा और आपातकाल के दौरान समय पर प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार होगा। इससे अंततः जान बचाने, संपत्ति के नुकसान को कम करने और जनता की समग्र सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**प्रणाली सुधार के लिए व्यापक योजना**

श्री गोयल ने अधिकारियों को अग्नि और आपातकालीन सेवाओं के मौजूदा बुनियादी ढांचे का गहन मूल्यांकन करने और प्रणाली में मौजूदा खामियों को दूर करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया में शामिल विभिन्न विभागों के बीच समन्वय में सुधार के महत्व पर भी जोर दिया ताकि संकटों से निपटने के लिए अधिक एकीकृत और सुव्यवस्थित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने दोहराया कि हरियाणा सरकार जनता को सर्वोत्तम संभव सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और राज्य के आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त श्री अनुराग रस्तोगी और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपसथित थे।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# डाइट से जुड़ी इन 5 अफवाहों के कारण ज्यादातर लोग नहीं घटा पाते अपना वजन



कई बार आप अपना वजन तो घटाना चाहते हैं, मगर डाइटिंग और एक्सरसाइज से जुड़ी कुछ ऐसी बातें आपको पता चलती हैं, जिनके कारण आप वजन घटाने को भारी और मुश्किल काम समझते हैं। मगर इनमें से कई बातें महज अफवाह हो सकती हैं, जो आपको वजन घटाने से रोकती हैं। आइए जानते हैं इसका कारण–

अगर आप मोटे हैं, तो आप भी अपना वजन जरूर घटाना चाहते होंगे। मोटापे के कारण कई तरह की परेशानियां होती हैं इसलिए हर कोई चाहता है कि वो फिट और खुश रहे। मगर कई बार डाइट से जुड़ी कुछ अफवाहों और मिथकों के कारण लोग वजन नहीं घटा पाते हैं। कुछ लोगों को वजन घटाना बहुत मेहनत का काम लगता है इसलिए वो इसकी कोशिश ही नहीं करते हैं। जबकि अगर आप वजन घटाने के साइंटिफिक तरीके अपनाएं तो अपनी जीवनशैली में थोड़े से बदलाव और सही डाइट प्लान से वजन घटाना बहुत आसान है।

मोटापा अपने आप में कई तरह के रोगों का कारण बनता है। मोटापे के कारण कुछ ऐसी बीमारियां हो सकती हैं, जो उम्र के साथ जानलेवा साबित होती हैं, जैसे- हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हार्ट अटैक आदि। इन बीमारियों से खुद को बचाने के लिए और अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए आपको अपना वजन जरूर घटाना चाहिए। आइए आपको बताते हैं वेट लॉस से जुड़े कुछ ऐसे मिथक या अफवाह, जिनके कारण अक्सर लोग वजन नहीं घटाते हैं।

## मोटे लोग अनहेल्दी होते हैं और पतले लोग स्वस्थ होते हैं

मोटापे के कारण कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ता है और सेहत के लिए अच्छा नहीं है। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि सभी मोटे लोग अनहेल्दी होते हैं और हमेशा बीमार ही रहते हैं। कुछ लोग मानते हैं कि जो लोग पतले होते हैं, वो हेल्दी होते हैं। मगर ऐसा बिल्कुल नहीं है। कई ऐसे मोटे लोग भी होते हैं, जिनके शरीर के अंग किसी भी पतले इंसान से ज्यादा बेहतर काम करते हैं। दरअसल मोटापा तब बुरा होता है, जब आप मोटापे के कारण सुस्त रहते हैं और एक जगह पड़े रहते हैं। अगर आप दिनभर एक्टिव रहते हैं और नियमित एक्सरसाइज-डाइट पर ध्यान देते हैं, तो मोटापे के बावजूद आप स्वस्थ रह सकते हैं।

## कम खाने से घटता है वजन


अक्सर जो लोग मोटे होते हैं, उन्हें लगता है कि उनके मोटापे का कारण सिर्फ उनका खानपान है। इसलिए जब वो मोटापा घटाना चाहते हैं, तो सबसे पहले खाना कम कर देते हैं। लोगों के बीच ये अफवाह काफी पाई जाती है कि कम खाने से वजन घटता है। मगर आपको बता दें कि आपके लिए दिन में 3 बार खाना (सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना, रात का खाना) बहुत जरूरी हैं। अगर आप इनमें से किसी एक को भी छोड़ देते हैं या कम खाते हैं, तो आपका वजन उल्टा और ज्यादा भी बढ़ सकता है। इसके अलावा ऐसा करने से आपका शरीर कमजोर हो सकता है।

## रात में खाना खाने से बढ़ता है वजन

लोगों को आपने अक्सर ये कहते हुए सुना होगा कि रात का खाना जल्दी खा लेना चाहिए, क्योंकि देर रात में खाया गया खाना आपका वजन बढ़ा देता है। मगर ये बात भी आधी-अधूरी ही सच है। अगर आप सही मात्रा में खाते हैं और सही आहार खाते हैं, तो आपके शरीर में एक्स्ट्रा फैट नहीं जमा होता है। मगर डायटीशियन मानते हैं कि अगर आप देर रात में खाना खाते हैं, तो आप अपनी भूख से ज्यादा खा लेते हैं। इसलिए इस बात का ख्याल रखें कि खाना उतना ही खाएं, जितना आपके शरीर के लिए जरूरी है।

## कॉफी से बढ़ता है वजन

कुछ लोगों को लगता है कॉफी अनहेल्दी होती है और इससे वजन बढ़ता है। मगर ये बात भी पूरी तरह सच नहीं है। अगर आप दूध वाली कॉफी ज्यादा मात्रा में पीते हैं, तो आपके वजन पर इसका प्रभाव पड़ता है। मगर अगर आप ब्लैक कॉफी पीते हैं, तो ये आपके दिमाग को रिलैक्स रखती है और इसके अन्य ढेर सारे लाभ हैं। मगर ध्यान दें कि एक दिन में 2-3 से ज्यादा कॉफी न पीएं। ज्यादा कैफीन का सेवन करने से शरीर पर इसके नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलते हैं।





## डाइटिंग से आप वजन घटा सकते हैं

अगर आप भी सोचते हैं कि सिर्फ डाइट बदलकर आप अपना वजन घटा लेंगे, तो ये भी एक तरह की अफवाह ही है। हद से ज्यादा डाइटिंग करने से आपका शरीर कमजोर हो सकता है। वजन घटाने का सबसे सुरक्षित तरीका ये है कि जितनी आपके शरीर को जरूरत है, उतना खाना खाएं। इसके अलावा शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी को घटाने के लिए रोजाना एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज न सिर्फ आपका वजन घटाती है, बल्कि आपके शरीर को स्वस्थ भी रखती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार आपको रोजाना कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करना या 40 मिनट पैदल जरूर चलना चाहिए।

# बालों की हर समस्या दूर करेंगी अमरूद की पत्तियां

**बालों** के झड़ने या टूटने से परेशान हैं, तो आप अमरूद की पत्तियों का उपयोग अपने बालों के लिए कर सकते हैं, यह आपको मजबूत, घने व बांउसी हेयर पाने में मदद करेंगें। अमरूद के पत्ते बालों के झड़ने या टूटने के बारे में चिंता करना लगभग हर किसी की आम समस्या बन चुकी है। लाइफस्टाइल, खानपान और अन्य कई कारणों से बाल कमजोर होने लगते हैं और टूटने व झड़ने लगते हैं, ऐसे में आप अगर आप इस समस्या से निजात पाने का इलाज तलाश रहे हैं, तो हम आपको एक अच्छा नुस्खा बताते हैं, जो आपकी बालों से जुड़ी हर छोटी-बड़ी समस्या को चुटकियों में दूर करने में मदद करेगा।

जब बालों की देखभाल की बात आती है, तो हर कोई कोशिश करता है कि वह अपने बालों की मजबूती और सुरक्षा के लिए ब्रांडेड हेयर प्रोडक्ट्स को चुने। लेकिन आज हम आपके बालों को स्वस्थ रखने के लिए एक सस्ता घरेलू नुस्खा बता रहे हैं, जो आपके बालों को सभी जरूरी पोषक तत्व देकर, उन्हें, मजबूत चमकदार और घना बनाने में मदद करेगा। अगर आप हेल्दी, स्ट्रॉंग और बाउंसी हेयर चाहते हैं, तो आप अपने बालों के लिए अमरूद के पत्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपके बालों के लिए प्राकृतिक रूप से देखभाल का तरीका है। अमरूद की पत्तियां आपके बालों को झड़ने के लिए चमत्कारिक उपाय है। इतना ही नहीं, अमरूद की पत्तियां बालों की चमक और बालों को मजबूत बनाए रखने में भी मदद करती हैं।

अमरूद की पत्तियों में एंटी-इंफ्लामेटरी, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो इसे स्कैल्प के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए एक लोकप्रिय घटक बनाते हैं। यह विटामिन बी और सी में समृद्ध है, जो बालों के विकास में सहायता करता है। आइए हम आपको बताते है कि आप अमरूद के पत्तों को अपने बालों के लिए कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं।

सेहत

# चेहरे और बालों को बेहद खूबसूरत बनाता है अंगूर



कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर अंगूर को खाने से सेहत तो अच्छी रहती ही है इसी के साथ इसे ब्यूटी प्रोडक्ट के रूप में भी काम में लिया जाता है। अंगूर में मौजूद फेनोलिक एसिड, स्टिलबेन और एंथोसायनिन जैसे पोषक तत्व बालों की खूबसूरती को बढ़ाने और चेहरे को निखारने में सहायक होते हैं।


हम आपको यहां अंगूर को किस तरह से ब्यूटी प्रोडक्ट की तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है इसके बारे में बता रहे हैं, आइए जानते हैं अंगूर के इन फायदों के बारे में-

## चेहरे को बनाता है बेदाग

अंगूर के पेस्ट में थोड़ा सा दही और शहद मिलाएं, इसे अच्छे से मिक्स करें और इसके बाद इसे अपने चेहरे पर लगा लें। इस पेस्ट को चेहरे पर करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। अंगूर के इस पेस्ट को लगाने से चेहरे पर निखार आता है और दाग-धब्बे दूर होते हैं।

## बाल बनतें हैं खूबसूरत

अंगूर को पीसकर इसका पेस्ट बना लें और इसमें पिसी हुई मेथी, दही और नींबू का रस मिलाएं। इन सभी को अच्छे से मिलाकर इसका पेस्ट बना लें और इसे बालों पर लगाएं। करीब 2 घंटे तक इसे लगा रहने दें और इसके बाद बालों को अच्छे से धो लें। सप्ताह में कम से कम दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करें, बाल चमकदार और मुलायम बनेंगे।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

## काकुरो पहेली - 3397




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

काकुरो - 3396 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3397



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3396



## सूडोकु -3397


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3396 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3397



**बाएँ से दाएँ**

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

शब्द पहेली -3396 का हल



# सरकार और जनता के बीच मजबूत सेतु बन रहा है समाधान शिविर

## समाधान शिविर में सीटीएम अंकित कुमार ने सुनी शिकायतें

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसेवा को समर्पित हो कार्य किये जा रहे हैं। जिला फरीदाबाद में डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर की श्रृंखला में सोमवार को सीटीएम अंकित कुमार ने लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनी। सीटीएम अंकित कुमार ने समाधान शिविर में आई शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र,




जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। सीटीएम ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम कार्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी और जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य वजीर सिंह डागर उपस्थित रहे।

# श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए 6 जनवरी तक करें आवेदन

## प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र कलाकार 6 जनवरी, 2025 तक इस पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से संबंधित विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए और प्रशसति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन आगामी 6 जनवरी 2025 तक एससीओ नंबर 200-201 सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ या डीआईपीआरफील्डएटदारटेजीमेल डॉटकाम पर ईमेल के माध्यम से विभाग को भेजे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थी ने सांगों का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मर्यादा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफ के साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांगों के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने, अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति की सामाजिक छवि अच्छी होनी चाहिए, उस पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए और निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए। अनिवार्य योग्यताओं के अनुरूप प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद सांगियों को अपने पूरे दल के साथ विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर सांग महोत्सव में प्रस्तुति देनी होगी, जिसके आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा पात्र सांगी का




चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी और चयन कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

# आंगनबाड़ी विभाग की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नये आंगनबाड़ी सुपरवाइजर्स को विभाग की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग सत्र का आयोजन महिला एवं बाल विकास, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर्स को प्ले स्कूल, पोषण, और अन्य संबंधित सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में विशेष ध्यान प्ले स्कूल, एसएनपी (संपूर्ण पोषण योजना) और आंगनबाड़ी केंद्रों की अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं पर केंद्रित किया गया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से अमित ढाका, सुमन लता और शगुन ने ईसीसीई प्रोग्राम (Early Childhood Care and Education) के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कब शुरू हुआ और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी, साथ ही यह भी साझा किया कि विभाग ने प्ले स्कूल की शुरुआत कैसे की और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए किस तरह से पहल की गई। उन्होंने सुपरवाइजर्स को प्ले स्कूल प्लानर, प्ले स्कूल रजिस्टर, प्ले स्कूल मॉनिटरिंग, अवलोकन के आधार पर मूल्यांकन और डैशबोर्ड के बारे में जानकारी दी। साथ ही, क्रस्थ किट के उपयोग के बारे में भी बताया और यह बताया कि इस किट का सही उपयोग प्ले स्कूल कार्यकर्ताओं को उनके प्री स्कूल के कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में कैसे मदद करता है।

सुपरवाइजर्स को यह भी बताया गया कि प्ले स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान हमें किन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि हम इन केंद्रों की गुणवत्ता को और बेहतर बना सकें। सीडीपीओ मोनिका ने एसएनपी (संपूर्ण पोषण योजना) के तहत बच्चों और महिलाओं के पोषण संबंधी पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने इस योजना के प्रभाव और लाभों के बारे में बताया, ताकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इसे सही तरीके से लागू कर सकें। रॉकेट लर्निंग से भावना ने आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल शिक्षा के प्रसार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे रॉकेट लर्निंग के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को डिजिटल माध्यम से गतिविधि का उपयोग करके शिक्षा प्रदान कर सकते हैं और यह तकनीक बच्चों के सीखने में कैसे मददगार साबित हो रही है। ट्रेनिंग सत्र में पीपीओ हेमा कौशिक और मीनू (इंचार्ज ओएससी) ने भी अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और उपस्थित सुपरवाइजर्स को इन योजनाओं का सही तरीके से कार्यान्वयन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम न केवल आंगनबाड़ी सुपरवाइजर्स की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन में भी सहायक होगा।

# बल्लबगढ़ पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने एवं स्वास्थ्य जांच शिविर किया आयोजन




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के खाद्य मंत्री आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि पत्रकारों को सामाजिक भी होना चाहिए। बल्लभगढ़ पत्रकार एसोसिएशन ने जो आज आयुष्मान कार्ड बनाने और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया है वह ना केवल जनहित में न केवल सार्थक है बल्कि सरकार की योजना को बढ़ावा देने में भी लग रहे हैं पत्रकार। उन्होंने कहा कि और भी सामाजिक संगठनों को ऐसे जनहित के कार्यों में आगे आना चाहिए। आज बल्लभगढ़ पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पत्रकार एसोसिएशन ने मंत्री का इस मौके पर नागरिक अभिनंदन किया जिसमें शहर के कई सामाजिक संगठनों ने मंत्री का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री और बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा और शिक्षाविद रेणु आर्य तथा भगवान दास गोयल विशिष्ट अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विनोद मित्तल ने की। इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपना चेकअप करवाया। पत्रकारों ने अतिथियों को भूखा देकर और उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि पत्रकार आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे जो काम कर रहे हैं यह है वास्तव में अच्छा कार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कार्य के प्रति सभी को जागरूक रहना चाहिए और दूसरी संस्थाओं को भी ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा नेता केशव भाटी, सामाजिक कार्यकर्ता सुषमा यादव, व्यापारी प्रेम खट्टर, वीरेंद्र मनचंदा, अग्रवाल समिति के प्रधान जितेंद्र सिंगला, ललित गोयल, लोकेश अग्रवाल, कन्हैया गोयल, नीरज मित्तल, पत्रकार ओमदेव शर्मा, अमित कुमार, तरुण तायल, निश्चिंत शर्मा, सुनील जांगड़ा, भूपेंद्र सैनी, कविता गौड़, सुमित गोयल, संजय शर्मा, वेद वशिष्ठ, धोजिया संगठन के प्रधान कैलाश गर्ग, प्रदीप गुप्ता, डॉ वंदना वैष्णव, शिक्षाविद उधम अधाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# बिल्डिंग की छत खिसकने पर उसमें फंसे व्यक्तियों को पुलिस द्वारा निकला सुरक्षित

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** आज थाना खेड़ी पुल क्षेत्र के अंतर्गत सैक्टर 85 बिहारी मार्केट में एक निर्माणाधीन बिलडिंग के लैंटर में दरार आने के कारण नीचे खिसकने से करीब 20-30 आदमी बिलडिंग में फंसे हुए है । जिस पर थाना खेड़ी पुल की टीम मौका पर पहुँची। सहायक पुलिस आयुक्त ओल्ड विनोद कुमार भी मौका पर पहुंचे, जिनके नेतृत्व में तुरन्त प्रभाव से बिलडिंग के अन्दर फंसे व्यक्तियों को हाईड्रा जेसीबी का बंदोबस्त करके सुरक्षित बाहर निकाला गया।

पुलिस की त्वरित और सूझबूझ भरी कार्रवाई से 5 मजदूरों की जान बचाई गई। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त ओल्ड ने घटना के संबंध में कहा, पुलिस की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और जान-माल की रक्षा करना है और फरीदाबाद पुलिस इसको बखूबी निभा रही है।




# स्वच्छता बढ़ाने के लिए हरियाणा में सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में चलाया जाएगा विशेष अभियान : उपायुक्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के जरिये सार्वजनिक स्थानों और सरकारी विभागों द्वारा अपने- अपने कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वच्छ हरियाणा मिशन' के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता को स्वच्छता का भागीदार बनाया जाएगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्व जनिक उपक्रमों आदि समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी शामिल है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आगे बताया कि अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर विशेष फोक्स रहेगा।



**यह रहेगा तैयारियों के लिए खाका-**

विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इसकी तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी तमाम गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आंकलन करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा।

**ऐसे होगा स्वच्छता का फोक्स-**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं और परियोजनाओं को लागू किया जाएगा। नोडल अधिकारी हाई-रिजॉल्यूशन फोटो और वीडियो के साथ प्रगति का दस्तावेजीकरण करने, उपलब्धियों की रिपोर्ट करने और अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एनआईसी द्वारा विकसित एक केंद्रीय निगरानी पोर्टल के माध्यम से अभियान की प्रगति को ट्रैक किया जाएगा। वहीं नोडल अधिकारी अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को उजागर करते हुए इस पोर्टल को प्रतिदिन अपडेट करेंगे।

# मनोज बड़गुर्जर: एक समर्पित समाजसेवी और बीजेपी के कर्मठ कार्यकर्ता

**समाचार गेट/अंतराम**

**फरीदाबाद।** मनोज बड़गुर्जर, जो फरीदाबाद के बल्लबगढ़ क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 से पार्षद पद के भावी उम्मीदवार हैं, न केवल एक योग्य नेता हैं, बल्कि उनके कार्यों और समाजसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें क्षेत्रवासियों के बीच एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। वे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के एक प्रमुख और कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो हमेशा जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रहे हैं। उनकी छवि एक ईमानदार, मेहनती और निस्वार्थ सेवक की बन चुकी है, जिनकी नीतियां और कार्य समाज के सभी वर्गों के हित में होते हैं।

मनोज बड़गुर्जर ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। वे न केवल प्रशासनिक कार्यों में, बल्कि सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी जीवनशैली में सुधार लाना है। चाहे वह सड़कों की सफाई हो, जलनिकासी की व्यवस्था हो, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो या फिर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार हो, मनोज बड़गुर्जर ने हर पहलू पर ध्यान दिया है।

इनकी लोकप्रियता का मुख्य



कारण यह है कि वे हमेशा जनता से जुड़े रहते हैं और उनकी समस्याओं को पहले हाथ से सुनते हैं। वे यह मानते हैं कि जनता के साथ संवाद ही एक सशक्त शासन की नींव है। उनका मानना है कि सिर्फ वादे करने से काम नहीं चलता, बल्कि उन वादों को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है। वे पारदर्शिता और जवाबदेही को अपनी प्राथमिकता मानते हैं, जिससे उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विश्वास किया जाता है।

उनकी छवि बेदाग है, क्योंकि वे हमेशा ईमानदारी और सच्चाई के रास्ते पर चले हैं। राजनीति में आते हुए उन्होंने कभी भी किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या अनैतिक कार्यों को बढ़ावा नहीं दिया। वे अपने कार्यों के द्वारा समाज में एक आदर्श स्थापित करने का प्रयास करते हैं। इसके साथ ही वे युवाओं को प्रेरित करने में भी सक्रिय रहते हैं, ताकि वे आगे आकर समाज और देश के विकास में योगदान दे सकें।

मनोज बड़गुर्जर का नाम केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक समाजसेवी और जनसेवक के रूप में भी जाना जाता है। उनकी कार्यशैली और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें क्षेत्रवासियों का अपार समर्थन दिलाती है। अगर वे वार्ड नंबर 6 से पार्षद पद के उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरते हैं, तो यह न केवल बीजेपी के लिए, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान प्रशिक्षण केंद्र गुरुग्राम में कार्यशाला का आयोजन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान प्रशिक्षण केंद्र गुरुग्राम द्वारा हरियाणा के सभी शहरों के नगर पार्षदों को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार एनडीपीएस एक्ट, 1985 से सम्बंधित और अन्य विषयों पर अलग अलग तिथियों को एक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हीपा गुरुग्राम के प्राचार्य ए सी शर्मा की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को इस विषय पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने गुरुग्राम में उपरोक्त विषय पर व्याख्यान देकर नगर पार्षदों को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा पुलिस के अतिरिक्त हरियाणा को ड्रग फ्री करने के लिए हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया है जिसका मुख्यालय मधुबन में स्थित है। पुरे प्रान्त को नशा मुक्त करने के अभिप्राय से प्रतिदिन अपराधियों को



सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 सामान्य जन की सुविधा के लिए उपलब्ध है जिस पर नशा तस्करी में संलिप्त लोगों की गुप्त सूचनाएं दी जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में हीपा के प्राचार्य ए सी शर्मा द्वारा डॉ वर्मा को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और धन्यवाद किया।

## संपादकीय

# कांग्रेस का दोहरा मापदंड

पहले पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव और अब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक को लेकर जो घिनौनी राजनीति कांग्रेस परिवार खासकर नेहरू-गांधी परिवार ने शुरू की है, वह बेहद लज्जाजनक और भारतीय राजनीति पर किसी काले धब्बे की मानिंद है। इससे देश का सत्तापक्ष, विपक्ष और जनमानस सभी शर्मसार हुए हैं।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

दरअसल, कांग्रेस व विपक्षी दल के कई नेता चाहते थे कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाए और वहीं पर उनका समाधि स्थल भी बनवाया जाए। जबकि केंद्र सरकार ने डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला लिया और बाद में उनका स्मारक बनवाए जाने की बात कही। इसी मसले पर सियासत शुरू हो गई।

वहीं, इस मसले पर अबतक हुए सियासी वार-पलटवार में भाजपा से ज्यादा कांग्रेस घिर चुकी है। क्योंकि अब आईना दिखाया जा रहा है कि प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए खुद कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार ने ही दोहरे मापदंड अपनाए थे। जबकि वह नाहक ही इस मसले पर भाजपा को घेर रही है ताकि फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में उसे इसका भावनात्मक लाभ मिल सके।

ऐसे में सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर भारत सरकार फैसले लेगी या फिर कोई स्वस्थ परम्परा शुरू करेगी। वहीं, इस मसले पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति में भी भेद नहीं होना चाहिए, क्योंकि उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति भी होता है। बताया गया है कि राजघाट पर स्मारक के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री और विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों की चर्चा तो है, लेकिन उसमें उपराष्ट्रपति का पद शामिल नहीं है। यह हैरतअंगेज है।

सवाल है कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टीगत सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने का आरोपी कांग्रेस परिवार अब किस मुंह से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के लिए मरणोपरांत अंत्येष्टि व स्मारक हेतु राजघाट, दिल्ली में स्थान मांग रहा है और इसे नहीं देने का आरोप बीजेपी परिवार पर लगा रहा है, जबकि एनडीए के नेतृत्व वाले मोदी सरकार की ऐसी कोई नकारात्मक मंशा नहीं है। इस बावत हुए सरकारी पत्राचार और बयानबाजियां इस बात की पुष्टि कर रही हैं।

बता दें कि अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टी स्तरीय सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने के लिए जो तत्कालीन मनमोहन सरकार दोषी थी, अब उसी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधनोपरांत निगमबोध घाट पर हुई उनकी अंत्येष्टि क्रिया करवाए जाने व उनके स्मारक के लिए राजघाट पर अपेक्षित स्थायी जगह नहीं दिए जाने के आरोप मढ़कर कांग्रेस पार्टी भाजपा नीत राजग गठबंधन की मोदी सरकार को दोषी ठहरा रही है। जबकि ऐसा करने से पहले उसे खुद अपने गिरेबां में झांकना चाहिए।

इस मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस को 20 वर्ष पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि उन्होंने अपने नेता पीवी नरसिंह राव को कितना सम्मान दिया। तब सोनिया गांधी उनके अंतिम संस्कार में शामिल तक नहीं हुई थीं। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनके लिए एक भी प्रतिमा का निर्माण नहीं किया या उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। हालांकि, आप अपनी औपचारिकताएं पूरी करें, तब बीजेपी निश्चित रूप से डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए भूमि देगी।

वहीं, सियासी हद तो यह है कि कांग्रेस इसे अल्पसंख्यक पंजाबी समुदाय विरोधी कृत्य बताते हुए डॉ मनमोहन सिंह का अपमान करार दे रही है, जो पूर्णतया सही नहीं है। इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने से पहले उसे अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। उसने अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंहराव के साथ जो सुलूक किया, वैसा उदाहरण विरले ही मिलता है।

वहीं, हैरत की बात तो यह भी है कि कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव को नजदीक देखकर इस पूरे घटनाक्रम से सिखों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया और निगम बोध घाट पर डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को सिखों का अपमान बताया गया। जबकि इससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है, क्योंकि दिल्ली के सरदार 1984 के सिख विरोधी दंगों को नहीं भूले हैं। इसी की भरपाई के लिए उसने डॉ मनमोहन सिंह को पीएम तक बनाया, लेकिन पंजाबी समुदाय के लोकप्रिय नेता के रूप में वो अपनी छवि नहीं गढ़ सके। क्योंकि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें कभी फ्री हैंड नहीं दिया!

जहां तक समाधि/स्मारक बनाने के लिए नियम और प्रक्रिया का सवाल है तो आपके लिए यह जानना जरूरी है कि समाधि स्थल केवल उन नेताओं के लिए बनाए जाते हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और ऐतिहासिक महत्व का योगदान दिया हो। यह विशेष रूप से भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री और कभी-कभी राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों के लिए लागू होता है। इसमें उपराष्ट्रपति का नाम भी शामिल किया जाना चाहिए।

सामान्यत:, केवल उन नेताओं को यह सम्मान मिलता है जिनका योगदान असाधारण और सर्वमान्य हो। मेरे विचार में इसी स्थल पर आजादी के आंदोलन के दौरान शहीद हुए सभी स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृति स्थल भी विकसित किया जाना चाहिए, ताकि जब भी कोई नेता यहां आए तो उन बिरबांकूड़ों को भी स्मरण कर लें, जिनकी कुर्बानियों से यह देश आजाद हुआ है।

लेकिन समय का फेर देखिए, जो मनमोहन सिंह तब सोनिया गांधी के प्रभाव में आकर एक वाजिब विषय पर मौन हो गए थे और अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री को मरणोपरांत भी समुचित सम्मान नहीं दे-दिलवा पाए थे, तो इस बार उन्हीं की अंत्येष्टि के लिए सोनिया गांधी-राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चाहने के बावजूद राजघाट में उन्हें एक अदद जगह नहीं दी गई और उन्हें एक आम दिल्ली वासी की तरह ही निगम बोध घाट पर जलाया गया, पूरे राजकीय सम्मान के साथ। जो एक स्वस्थ परम्परा की शुरुआत समझी जा सकती है।

# केमला के हनुमान मंदिर में 4 को होगा 14वें हवन व भंडारे का आयोजन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव केमला स्थित हनुमान मंदिर में नव वर्ष के उपलक्ष में आगामी 4 जनवरी,शनिवार को 14वें भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। नम्बरदार धर्मपाल सिंह नम्बरदार ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 3 जनवरी की रात्री को जागरण होगा जिसमें गायक काकार धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। 4 जनवरी को सुबह 9 बजे हवन होगा जिसमें ग्रामीण हिस्सा लेगें। उसके बाद सवा दस बजे भंडारा प्रारंभ होगा जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारियां जारी हैं।

# शिक्षा के मामले में मेवात अब पिछड़ा नहीं रहा वर्ष 2014 से मेवात के हालात हर मामले में बदल गए हैं : विपुल गोयल

## हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह के वार्षिक उत्सव पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शिक्षा के मामले में मेवात अब पिछड़ा नहीं रहा है , मेवात में लगातार शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सरकार पूरा योगदान दे रही है। सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ क्षेत्र की जनता उठा रही है । जिसके चलते आज मेवात वर्ष 2014 से पहले वाला मेवात नहीं रहा। आज मेवात की स्थिति में पूरा बदलाव हुआ है। उक्त बातें शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथिकारी में शिरकत करने के दौरान अपने संबोधन में कही। प्रदेश सरकार में मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ और सब का विकास को लेकर काम कर रही है। मेवात में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है लेकिन क्षेत्र की जिम्मेदार पंचों सरपंचों सहित समाजसेवियों को लेकर शिक्षा की इस मुहिम को आगे बढ़ने का कार्य करना है । जिससे मेवात और अग्रसर हो सके। स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए शिव मंदिर अध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि आज मेवात शिक्षा में नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। मेवात के योग्य मेहनती छात्र-छात्राओं को उनकी काबिलियत के दम पर बिन पर्ची बिन खर्च की नौकरी मिल रही है, यही नहीं इलाके की सरकारी स्कूल और प्राइवेट स्कूलों के अध्यापकों द्वारा अच्छी मेहनत कराई जा रही है। जिसके चलते स्कूलों के परीक्षा परिणाम पूरे हरियाणा में नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य वक्ता प्रताप जी, अध्यक्ष सुनील जिंदल प्रबंधक प्रमोद गोयल प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र सहित काफी संख्या में क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन का एक ही ध्येय कोई भी फरियादी समाधान शिविर में शिकायत के निवारण के बिना न जाए वापस : उपायुक्त




**उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों संग कर रहे समस्याओं का समाधान**

**समाधान शिविर में जिला व उपमंडल स्तर पर प्राप्त हुई 6 शिकायत।**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नूंह जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों पर संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त जिला मुख्यालय पर सचिवालय सभागार में प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करते हुए राहत पहुंचा रहे हैं, जिससे आमजन खुश हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का एक ही ध्येय है कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आकर कोई भी फरियादी अपनी शिकायत का बिना समाधान करवाए वापस न जाए।

सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला व उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में 06 शिकायतें प्राप्त हुई, समाधान के लिए संबधित अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए है। समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत, डीएसपी अजायब सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले के प्राथमिक विद्यालयों में शीतकालीन गृह कार्य के लिए सामुदायिक पीटीएम का किया आयोजन

## समुदाय की भागीदारी बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी : कुसुम मलिक




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक ने कहा कि शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बाल वाटिका से कक्षा 5 के बच्चों के लिए शीतकालीन गृह कार्य दिया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को घर के कार्यों से जोडना , उनमें संस्कारों को विकसित करना, बच्चों को परिवार और संस्कृति से जोडना है। उन्होंने कहा कि इसमें मां-बाप की अहम भूमिका रहेगी के लिए विभाग द्वारा गत 28 दिसंबर को विद्यालय के अंदर अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया था 37 प्रतिशत के आसपास अध्यापकों के प्रयासों से अभिभावकों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए जिला नूंह ने एक अनोखी मुहिम चलाई। जिसमें अध्यापक समुदाय के बीच में जाकर एक स्थान पर मां-बाप के साथ अभिभावक बैठक का आयोजन करेगा और जो मां-बाप के पी टी एम में 28 दिसंबर को विद्यालय नहीं पहुंच पाए अध्यापक उनसे 30 दिसंबर और 31 दिसंबर को समुदाय के बीच में ही शीतकालीन होमवर्क के बारे में चर्चा करेगा। उन्हें प्रेरित करेगा कि वह बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे ताकि सभी बच्चों को निपुण बनाया जा सके। सामुदायिक पी टी एम में शिक्षा सहायकों, एनजीओ ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

**होमवर्क का उद्देश्य:** बच्चों को घर के कामकाज और पारिवारिक गतिविधियों में शामिल करना, बच्चों को खानपान, सफाई, पौधों की देखभाल जैसे काम सिखाना। हरियाणवी लोकगीत और रीति-रिवाजों को समझाना।

**अभिभावकों की भूमिका :** अभिभावक बच्चों को अपनी जड़ों और परंपराओं से परिचित कराएंगे। स्कूल के टीचर्स बाद में अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों पर रिपोर्ट करने लेंगे।

**संस्कृति और सामाजिक मूल्य :** बच्चों को दादा-दादी और नाना-नानी की कहानियों से जोडना। पारंपरिक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ावा देना। जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक का कहना है कि यह पहल बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने और संस्कृति से जोडने. की ओर एक कदम है। सामुदायिक पी टी एम से ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों तक अध्यापक पहुंच पाएंगे और इससे बच्चे के सर्वांगीण विकास में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगी। यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक जुड़ाव का एक शानदार प्रयास है।

# शीत लहर व पाले से बचने के लिए एडवाइजरी की अनुपालना सुनिश्चित हो : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**




**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी शीत लहर व पाले के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है कि जिलावासी ठंड से बचाव करने के लिए पूरी एहतियात बरतें। मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें और बुजुर्ग व बच्चों का विशेषकर ध्यान रखें। रात्रि के समय बुजुर्गों व बच्चों को बाहर न निकलने दें। अगर आसपास कोई पड़ोसी जो अकेला रहता है, विशेषकर बुजुर्ग, उनका हाल-चाल जरूर पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालीन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध रहे। हरसमय गर्म व ऊनी कपड़े जरूर पहनें। सिर को ढ़ककर रखे व गर्म पानी नियमित रुप से लेते रहें।

उपायुक्त ने जिला नूंह के सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग ठंड से बचाव के लिए अपने-अपने विभाग के संबंधित कार्यों व जिम्मेवारियों को पूरा करते रहें तथा अपने अधीनस्थ क्षेत्र में जीव-जंतुओं, पशुओं व लोगों के लिए ठंड से बचने संबंधी व्यवस्था पूर्ण करें। इस मौसम में हर वर्ष रैन बसेरे आदि चालू किए जाते हैं, उनका पहले की स्थिति के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करें। कोई भी व्यक्ति चाहे वह बेघर हो या अन्य, खुले में न सोएं। इस उद्देश्य के लिए वरिष्ठ अधिकारी शहरों, कस्बों, खासकर बस स्टैंड, अस्पताल आदि का निरीक्षण करते रहें।

उपायुक्त ने सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का भी आह्वान किया है कि वे गरीबों और जरूरतमंदों, विशेष रूप से बेघर व्यक्तियों के लिए कंबल, ऊनी कपड़े, जूते, मोजे आदि का प्रबंधन करें। लोगों के साथ-साथ पशुओं का भी ख्याल रखा जाए। शीत लहर के दौरान जिला में फसलों, बागवानी, जंगल, पशुधन, मत्स्य पालन, जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, परिवहन, पर्यटन, अर्थव्यवस्था और आजीविका भी प्रभावित हो सकती है। शीत लहर के कारण घरेलू और जंगली जानवरों, पक्षियों, मुर्गियों आदि की मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है तथा बाहरी श्रमिकों, किसानों और पशुओं के लिए उचित योजना और पर्याप्त आश्रयों से ऐसी स्थितियों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, बागवानी, विकास एवं पंचायत व राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की एडवाइजरी का अनुसरण अवश्य करें।

# कनीना में सामान्य वर्ग की महिला के सिर सजेगा चेयरमैनी का ताज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरपालिका चुनाव के लिए चेयरमैन सहित सभी 14 वार्डों के आरक्षण का निर्धारण होने के बाद चुनावी गतिविधियां जोर पकडने लगी हैं। यहां पर चेयरमैन पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। सामान्य वर्ग की महिला के सिर चेयरमैनी का ताज सजेगा। जिसके चलते पूर्व महिला पार्षदों सहित अन्य महिला उम्मीद्वार विकासात्मक चुनावी एजेंडे के साथ मैदान में आने लगी हैं। नपा प्रशासक एसडीएम जितेंद्र कुमार अहलावत ने बताया कि हाल ही में चेयरमैन तथा पार्षदों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। जिसके मुताबिक वार्ड नम्बर एक को बीसी-बी व वार्ड 4 को बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड 6 को एससी सामान्य व 8 को एससी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड 7 व 12 को सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिर्जव किया गया है। वार्ड नम्बर 2,3,5,9,10,11,13,14 को अनारक्षित घोषित किया है। चुनाव के लिए मतदाता सूचि को अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूची के लिए निर्धारित तिथि तक 793 दावा व आपतति दर्ज कराए गए थे। जिनका निपटारा शुक्रवार 27 दिसंबर तक कर दिया गया है। नपा के 14 वार्डों में कुल 10409 मतदाता हैं। 31 दिसंबर तक कोई मतदाता एसडीएम द्वारा किए गए फैसले से संतुष्ट नहीं होता है तो वह जिला उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है। 3 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय में उनका निपटान किया जायेगा। 6 जनवरी 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। फरवरी 2025 तक 'स्थानीय सरकार' के चुनाव पूरे होने की संभावना है।

# औलावृष्टि से खराब हुई फसल की कम सर्वे रिपोर्ट बनाने पर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## किसान कर रहे उचित मुआवजे की मांग

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में हाल ही में बारिश के साथ हुई औलावृष्टि से खराब हुई सरसों की फसल में अधिकारियों द्वारा नुकसान का आंकलन कम करने के लिए किसानों ने कनीना के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि फसल में अत्यधिक नुकसान हुआ है जबकि रिपोर्ट कम की भेजी जा रही है। औलावृष्टि प्रभावित फसलों का कृषि एवं भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा खेतों में जाकर जायजा लिया गया था। कृषि विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ अजय यादव ने बताया कि कनीना विकास खंड में करीब 32 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9700 हैक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। जिनमें बीते शुक्रवार रात्री के समय बारिश के साथ हुई औलावृष्टि से 7 गावों पोता, सेहलंग, अगिहार, बागोत,स्याणा, तलवाना,खेडी में हजारों एकड सरसों की फसल में नुकसान की अधिक उम्मीद है। खराब फसल का कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय यादव, डॉ योगेश चंद्र, पटवारी मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, महेंद्र सिंह खटाना ने किसानों के साथ अवलोकन किया था। दूसरी ओर इस बारिश के बाद किसानों को रबि फसल में सिंचाई से छुटकारा मिल गया है। तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। इस मौके पर किसान हनुमान सिंह, देवेंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह, बीर सिंह, मुकेश यादव, संतलाल,राजेश, सुभाष, लोकेश,कुलदीप, सतीश उपस्थित थे।

# 17 दिन से फ्रीजर में रखे शव का नहीं हुआ अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर गांव बागोत में 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के 17वें दिन सोमवार को भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। परिजन पुलिस केस दर्ज होने के बाद शव को मणिकर्णिका घाट, वाराणसी, काशी में अंतिम संस्कार करने की कह रहे हैं जबकि प्राथमिकी न होने पर न्याय के लिए 7 जनवरी के बाद मजबूरन कोर्ट की शरण में जाना पडेगा। हालांकि जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा गांव के मोजिजान लोगों तथा रिश्तेदारों द्वारा मृतक के पिता कैलाश शर्मा को समझाने के काफी प्रयास किए जा चुके हैं। लेकिन वे पहले प्राथमिकी दर्ज करने करने की बात पर अडे हुए हैं। पुलिस उन्हें साक्ष्य उपलब्ध करवाने की बात कह रही है। मृतक 26 वर्षीय युवक मोहित का शव पोस्टमार्टम बीती 14 दिसंबर को किया गया था। उसका शव पिछले 17 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण की संभावना बन रही है। पुलिस कर्मचारी मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

# सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू, जल्द करें रजिस्ट्रेशन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल कुंजपुरा में छठी और नौवीं कक्षा में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दाखिले के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2025 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए होगी और आवेदन प्रक्रिया शुरु हो चुकी है जो 13 जनवरी 2025 तक चलेगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा कक्षा छठी और कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए होगी। अंतिम सीट संख्या पास-आउट और नामांकित विद्यार्थियों की स्थिति पर निर्भर करेगी। कक्षा छठी के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में गणित, सामान्य ज्ञान, भाषा और बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर आधारित 300 अंकों की परीक्षा तथा कक्षा 9वीं की परीक्षा में गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और बुद्धिमत्ता पर आधारित 400 अंकों की परीक्षा।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## हल्की बर्फबारी से घाटी में होगा नए साल का स्वागत

श्रीनगर। साल के अंत में हुए भारी हिमपात के उपरांत बर्फ की सफेद चादर से ढंकी संपूर्ण कश्मीर घाटी में नए साल पर भी बारिश की संभावना है। स्थानीय मौसम विभाग के अधिकारी के अनुसार आगामी 2 दिनों के दौरान मौसम के सामान्य रूप से शुष्क रहने की उम्मीद है। हालांकि उनका कहना था कि आगामी 1 व 2 जनवरी को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के पहुंचने की उम्मीद के चलते 1 जनवरी को देर शाम अथवा 2 जनवरी की सुबह तक घाटी में छिटपुट जगहों पर हल्की बर्फबारी की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर का कहना है कि आगामी 1 जनवरी से लगातार 2 पश्चिमी विक्षोभ ( वैस्टर्न डिस्टरबैंस ) जम्मू-कश्मीर सहित इसके आसपास के इलाकों को प्रभावित कर सकते हैं। उनका कहना था कि मध्यम तीव्रता वाले पश्चिमी विक्षोभ के नतीजे में आगामी 3 से 6 जनवरी तक कश्मीर संभाग के कई स्थानों सहित जम्मू संभाग के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी के साथ बादल छाए रहने की संभावना है।

## मणिपुर के इंफाल पश्चिम से पीआरईपीएके के दो आतंकी गिरफ्तार

इंफाल । मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो आतंकी गिरफ्तार हुए हैं। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो आतंकवादियों को जबरन वसूली में उनकी कथित संलिप्तता के लिए इंफाल पश्चिम जिले में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों आतंकवादियों की पहचान लीशांगथेम नेपोलियन मेइतेई (35) और थोकचोम अमुजाओ सिंह (33) के रूप में की गई है, जिन्हें संगाइप्रोउ ममांग लीकाई से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 12 मांग पत्र जब्त हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस बीच, सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। इसमें कहा गया है कि चुराचांदपुर जिले के मुअल्लम गांव में एक इंसास राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल और एक सिंगल बैरल राइफल जब्त की गई। इसमें कहा गया है कि तेंगनौपाल जिले के सैवोम गांव से एक 303 राइफल, एक 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक, सात तात्कालिक विस्फोटक उपकरण, पांच हथगोले और डेटोनेटर जब्त किए गए।

## महाराष्ट्र के मालेगांव से वोट जिहाद का पैसा देशभर में जाता है

**-बीजेपी नेता सोमैया ने कहा-मेरे पास जानकारी और सबूत भी**

नासिक। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने सोमवार को कहा कि मालेगांव हिंदुस्तान में एक वोट जिहाद का केंद्र बन चुका है। इसके अलावा उन्होंने महादेव बेटिंग ऐप पर भी बयान दिया। सोमैया मीडिया से बातचीत में कहा कि मालेगांव हिंदुस्तान में एक वोट जिहाद का केंद्र बन चुका है। वोट जिहाद का पैसा यहां से देशभर में जाता है। बीजेपी नेता ने कहा कि दूसरी बात का मैं आज खुलासा करने वाला हूं। मेरे पास इसकी जानकारी है और सबूत भी हैं। उन्होंने कहा कि मालेगांव रोहिंग्या मुस्लिमों का एक आश्रय स्थान बनता जा रहा है। इस संदर्भ में मैं जिलाधिकारी, तहसीलदार, महापालिका आयुक्त से बात करूंगा। इसके बाद मैं इस संबंध में दस्तावेज देश के सामने रखूंगा। महादेव बेटिंग ऐप घोटाले को लेकर उन्होंने कहा कि महादेव बेटिंग ऐप बहुत बड़ा घोटाला है। इसमें कुछ सामान्य लोगों को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में कुछ बड़े भ्रष्ट अधिकारी, राजनेता, गैंगस्टर और ड्रग माफिया भी शामिल हैं, जो ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य अपराधों के लिए महादेव का उपयोग कर रहे हैं। इसके ऊपर हमारा पूरा ध्यान है।

## जम्मू को जोड़ने वाली नवयुग सुरंग का नाम मनमोहन सिंह के नाम पर हो

जम्मू। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि इस केंद्र शासित प्रदेश के विकास में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के योगदान को देखते हुए कश्मीर को जम्मू क्षेत्र से जोड़ने वाली नवयुग सुरंग का नाम उनके (यानी मनमोहन सिंह) के नाम पर रखा जाना चाहिए। उमर अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर दो सुरंग हैं। एक का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा गया है। दूसरी सुरंग (नवयुग) का नाम मनमोहन सिंह के नाम पर रखा जाना चाहिए। सीएम उमर ने कहा कि मनमोहन सिंह ने जम्मू-कश्मीर के विकास और कल्याण के लिए अपना योगदान दिया था। बता दें कि भारत के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का तीन दिन पहले निधन हो गया था। जिनको देश ही नहीं विदेशों से श्रद्धांजिल दी गई थी। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को सुधाने में पूरी ताकत झोंक दी थी।

## नए साल का जश्न मनाना इस्लाम के खिलाफ, मौलवी ने जारी किया फतवा

बरेली । नया साल आने में केवल एक दिन शेष हैं, और हर ओर जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। युवा वर्ग पार्टी की तैयारी में जुटा हुआ है और अपने दोस्तों के साथ नए साल का स्वागत करने के लिए उत्साहित है। लेकिन इस बीच, बरेली के एक मौलाना द्वारा जारी फतवे ने इस उत्सव पर धार्मिक बहस छेड़ दी है। मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने फतवा जारी कर मुसलमानों को नए साल का जश्न मनाने से सख्ती से मना किया है। अपने फतवे में कहा है कि नया साल मनाना, एक-दूसरे को मुबारकबाद देना, नाच-गाना करना और किसी भी प्रकार का जश्न आयोजित करना इस्लामी शरीयत की नजर में नाजायज है। शहाबुद्दीन ने अपने फतवे में तर्क देकर कहा कि जनवरी से शुरू होने वाला नया साल ईसाई धर्म से जुड़ा है और इसका जश्न उनके धार्मिक कार्यक्रमों का हिस्सा है। उन्होंने इस जश्न को मजहबी शिआर करार देकर कहा कि इस्लाम गैर-धार्मिक परंपराओं और त्यौहरों में भाग लेने या उन्हें अपनाने की अनुमति नहीं देता। फतवे में कई गतिविधियों को शरीयत के खिलाफ बताया गया है, जैसे पटाखे चलाना, ताली बजाना, शोर मचाना, नाच-गाना करना, शराब पीना, जुआ खेलना और सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं भेजना।

# अयोध्या में हुआ कुर्मी महाकुंभ, यूपी की राजनीतिक गरमाई

**-समुदाय ने उपेक्षा का लगाया आरोप, प्रतिनिधित्व देने की मांग की**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में कुर्मी महाकुंभ ने राजनीतिक माहौल को गरम कर दिया है। लखनऊ-फैजाबाद हाईवे पर पूरे काशीनाथ गांव में इस आयोजन में करीब 50 हजार लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुर्मी समुदाय की राजनीतिक उपेक्षा को उजागर करना और प्रतिनिधित्व की मांग को बल देना था। कुर्मी समुदाय जो यूपी के अन्य पिछड़ा वर्ग का हिस्सा है उसने आरोप लगाया है कि अयोध्या की राजनीति में उनकी अनदेखी की जा रही है। रविवार को हुए इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पिछले दो दशकों से किसी भी कुर्मी नेता को न तो विधानसभा और न ही संसद में प्रतिनिधित्व दिया गया है। 1999 में विनय कटियार आखिरी कुर्मी नेता थे, जिन्होंने फैजाबाद लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। बीजेपी नेता डॉ. अवधेश वर्मा ने कहा कि कुर्मी महाकुंभ के जरिए समुदाय की राजनीतिक उपेक्षा को सामने लाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे समुदाय की जिले में 15 फीसदी आबादी है, फिर भी किसी कुर्मी नेता को जिला स्तर पर भी नेतृत्व का मौका नहीं दिया गया।

इस आयोजन में कांग्रेस, बीजेपी और अन्य दलों के कुर्मी नेता भी शामिल हुए, जिससे यह साफ नजर आता है कि कार्यक्रम ने राजनीतिक सीमाओं को पार कर लिया है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जय करण वर्मा ने कहा कि कुर्मी महाकुंभ का उद्देश्य हमारी ताकत और एकता को प्रदर्शित करना है। फैजाबाद में 2.38 लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं, फिर भी हमें राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। डॉ. अवधेश वर्मा ने कहा कि कुर्मी महाकुंभ के दौरान यह फैसला लिया गया कि यदि समुदाय के किसी सदस्य को टिकट मिलता है, तो हम पार्टी लाइन की परवाह किए बिना उनका समर्थन करेंगे।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का बिगुल बजने वाला है और कुर्मी महाकुंभ को इसके संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सत्तारूढ़ बीजेपी इस सीट को जीतकर अपने पक्ष में माहौल बनाना चाहती है, जबकि समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश प्रसाद अपने वर्चस्व को बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, आयोजकों ने इस आयोजन को उपचुनाव से जोड़ने से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह राजनीतिक से हटकर एक महासभा थी, जिसका उद्देश्य कुर्मी समुदाय की राजनीतिक पहचान को मजबूत करना था।

इस कुर्मी महाकुंभ के बाद यह देखना होगा कि राजनीतिक दल इस समुदाय की मांगों को



कितनी गंभीरता से लेते हैं। महाकुंभ ने अयोध्या की राजनीति में कुर्मी समुदाय की उपस्थिति और उनकी मांगों को प्रमुखता से उठाया है, जो आगामी चुनावों में अहम भूमिका निभा सकती है।

## मनमोहन सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्न, तेलंगाना विधानसभा ने पारित किया प्रस्ताव



हैदराबाद। चर्चा के बाद, प्रस्ताव को पार्टी लाइनों से परे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया, साथ ही विधानसभा ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। हालाँकि, विपक्ष के नेता के चन्द्रशेखर राव सत्र में शामिल नहीं हुए। रेड्डी ने सिंह की मृत्यु को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया और तेलंगाना की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार उनके योगदान की मान्यता में हैदराबाद के वित्तीय जिले में सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करेगी। प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकार卐 कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे। भाजपा के सदन नेता महेश्वर रेड्डी ने शोक प्रस्ताव के लिए अपनी पार्टी का समर्थन व्यक्त किया, लेकिन राहुल गांधी के संबंध में टिप्पणी की, जिसके कारण विधायी मंत्री श्रीधर बाबू ने आपत्ति जताई। मंत्री ने अध्यक्ष से रेड्डी की टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया।

## भाजपा का हमला, ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे आम आदमी पार्टी ने ठगा नहीं




*** मौलानाओं की सैलरी पर लूटा दिए लोगों के पैसें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि आप पार्टी ने कभी भी हिंदू देवी-देवताओं का सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे आप पार्टी ने ठगा नहीं।

भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे आम आदमी पार्टी ने ठगा नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि आप पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति में पूरी तरह से लीन हो चुकी है। उन्होंने कभी हिंदू देवी-देवताओं का सम्मान नहीं किया।

आप ने तुष्टीकरण के चलते वक्फ के ऊपर और मौलानाओं की सैलरी पर दिल्ली की जनता की गाड़ी कमाई को लुटाने का काम किया। मौलानाओं को सैलरी नहीं दी गई, इसकारण उन्होंने आप सरकार को घेरने के लिए धरना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि उन्हें 17 महीने से सैलरी नहीं मिली है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि तुलनात्मक तुष्टिकरण की राजनीति में सभी पार्टियां शामिल हैं। कोई इशरत जहां को टिकट देना चाहता है, कोई ताहिर हुसैन को टिकट दे रहा है, कोई शाहरुख पठान को टिकट दे रहा है और कोई दिल्ली के संसाधनों को एक धर्म विशेष पर खर्च कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि क्या हिंदू देवी-देवताओं का ख्याल रखने वाले पंडितों को इस प्रकार की सैलरी या वेतन दिया जाना चाहिए या नहीं दिया जाना चाहिए।

# भाजपा का राहुल गांधी पर तंज, मनमोहन के निधन पर देश दुखी, कांग्रेस नेता नया साल मनाने विदेश रवाना

**कांग्रेस की सफाई, ये उनकी निजता से जुड़ा मामला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की वजह से देश में सात दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित है। उनके स्मारक को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है। इस बीच कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के विदेश जाने की बात सामने आ रही है। भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी नया साल मनाने विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। भाजपा ने दावा किया कि पूर्व पीएम मनमोहन के निधन पर जहां पूरा देश शोक में डूबा है, वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने 'वियतनाम रवाना' हुए हैं।

कांग्रेस पर भाजपा की ओर से यह दूसरा ताजा हमला है। इसके एक दिन पहले भाजपा ने कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर मनमोहन का अपमान करने का आरोप लगाया था। गांधी परिवार का कोई सदस्य मनमोहन के अस्थि विसर्जन में शामिल नहीं हुआ था। मनमोहन की अस्थि को दिल्ली में यमुना नदी में विसर्जित किया गया था। हालांकि, कांग्रेस ने मामले पर मनमोहन के परिवार की गोपनीयता का हवाला दिया।

वहीं सोमवार को ताजा हमला करते हुए बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'एक ओर पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है और दूसरी ओर राहुल गांधी नया साल मनाने वियतनाम रवाना हो गए हैं। भाजपा नेता मालवीय ने राहुल गांधी पर पूर्व पीएम मनमोहन की मौत का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाकर कहा, गांधी और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं। ये कभी नहीं भूलना चाहिए कि इंदिरा गांधी ने दरबार साहिब को अपवित्र किया था।

इस बीच कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के ताजा आरोप पर सफाई दी है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर गए हैं और किसी को भी निजता से जुड़े मामलों में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद मणिक्कम टैगोर ने कहा, 'संघी लोग यह 'ध्यान भटकाने वाली' राजनीति कब बंद



करेंगे? जिस तरह से मोदी जी ने यमुना किनारे डॉ.साहब को अंतिम संस्कार के लिए जगह देने से मना किया और किस तरह से उनके मंत्रियों ने डॉ. साहब के परिवार को घेरा, वह शर्मनाक है।

## फिलीपींस के लूजोन और उत्तराखंड के चमौली में महसूस किए गए भूकंप के झटके

नई दिल्ली । सोमवार सुबह फिलीपींस के लूजोन शहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के अनुसार, भूकंप का केंद्र धरती से 10 किलोमीटर अंदर था। मीडिया रिपोर्ट ने पुष्टि की कि यह भूकंप इलोकोस प्रांत के बांगुई इलाके में महसूस हुआ। हालांकि, फिलहाल जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। वहीं भारत में चमौली जिले में भी महसूस किए गए। भूकंप के झटकों के बाद लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की गंभीर हानि नहीं हुई। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस तीव्रता के भूकंप के बाद और झटके आ सकते हैं, और इलाके के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इसी बीच, भारत के उत्तराखंड राज्य में भी चमोली जिले में हल्का भूकंप आया। इसकी तीव्रता 2.4 रिक्टर स्केल मापी गई और इसका केंद्र 5 किलोमीटर गहराई में था। इसके बाद चमोली जिले में भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई है, खासकर 3,000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ये चेतावनी दी गई है। डीजीआरई और डीआरडीओ ने चेतावनी दी है कि शाम 5 बजे तक चमोली जिले में ऑरेंज अलर्ट रहेगा। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के बारामूला और किश्तवाड़ जिलों में भी पिछले सप्ताह भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। फिलीपींस और भारत दोनों ही भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में आते हैं। फिलीपींस रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है, जहां ज्वालामुखी और भूकंप आम होते हैं। वहीं, भारत के हिमालयी क्षेत्र में टेक्टोनिक प्लेट्स की हलचल से भूकंप आते हैं। प्रभावित इलाकों में लोगों को अलर्ट रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से पहाड़ी और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रहने वालों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

# केरल को 'मिनी पाकिस्तान' कहने वाले बीजेपी के मंत्री का बयान स्वीकार नहीं

*** एनसीपी नेता ने कहा-ऐसे शख्स को फडणवीस ने मंत्री बनाया यह उनकी मेहरबानी**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एनसीपी (शरद गुट) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद माजिद मेमन ने सोमवार को बीजेपी नेता नितेश राणे द्वारा केरल को 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी होती है कि वह संविधान का सम्मान करें। किसी भी विषय पर अपमानजनक टिप्पणी करने से बचें। राणे कई बार विवादित बयान दे चुके हैं। उनके बयानों को किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि नितेश राणे के ऐसे विवादित बयान के बावजूद उन्हें कैबिनेट में शामिल कर लिया गया, यह देवेंद्र फडणवीस की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि केरल भारत का सबसे शिक्षित राज्य है। ऐसी स्थिति में उस राज्य के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना कि वह मिनी पाकिस्तान है, इसलिए गांधी परिवार वहां जीत का परचम लहराने में सफल हुआ। इस तरह के विवादित बयान को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

मेमन ने मांग की है कि गृह मंत्रालय को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए कि कैसे कोई मंत्री भारत के किसी भी राज्य को पाकिस्तान बता सकता है। मैं यही कहूंगा कि या तो मीडिया को इस पर किसी भी प्रकार का विचार विमर्श नहीं करना चाहिए या अगर आप इस पर चर्चा करते हैं, तो केंद्र सरकार को इस पर कार्रवाई जरूर करनी चाहिए। इस तरह के बयान देने वाले शख्स को मंत्री पद पर एक पल भी नहीं रहना चाहिए, लेकिन अफसोस मुख्यमंत्री जी इस पर कुछ करेंगे नहीं, क्योंकि मंत्री जी उनके दुलारे हैं।

इसके साथ ही मेमन ने दिल्ली की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर कहा कि दिल्ली में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच मुकाबला है। बीजेपी ने अपनी पूरी कोशिश करते हुए आप पार्टी की बहुत बदनामी की, लेकिन अब बीजेपी को भी इस बात का एहसास हो चुका है कि उसे ऐसा करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। बीजेपी ने सोचा कि अगर हम आप के नेताओं को सलाखों के पीछे भेज देंगे, तो ऐसा करने से हम दिल्ली पर कब्जा कर लेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बीच, मैं एक बात जोड़ना चाहूंगा कि मौजूदा समय में जिस तरह से चुनाव में गड़बड़ी हो रही है, मसलन मतदाता सूची में बांग्लादेशी रोहिंग्याओं के नाम शामिल किए जा रहे हैं, इस पर तुरंत चुनाव आयोग को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन अफसोस चुनाव आयोग इस और ध्यान ही नहीं दे रहा है। यह दुख की बात है कि आयोग किसी भी बात को गंभीरता से नहीं लेता है। अगर आज तक उसने किसी भी बात को गंभीरता से लिया होता, तो आज दिल्ली की राजनीति में इस तरह की स्थिति पैदा नहीं हुई होती। लेकिन इस बात को भी खारिज नहीं किया जा सकता है कि मौजूदा समय में चुनाव आयोग बीजेपी की सरपरस्ती में काम कर रहा है, तो ऐसे में वह आप के आरोपों को नजरअंदाज कर ही देगा।

उन्होंने कहा अब वह दिन चले गए, जब दिल्ली में शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। दिल्ली में अब कांग्रेस बैकफुट पर है। उन्होंने बीपीएससी अभ्यर्थियों द्वारा किए गए प्रदर्शन को लेकर कहा कि पुलिस ने बेहद ही अमानवीय तरीके से छात्रों को हटाया। इस तरह का रवैया स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने जिस तरह छात्रों पर वॉटर कैनन की बौछार की और लाठीचार्ज किया, वो ठीक नहीं है।

# चिराग और नीतिश की नजदीकियां, क्या बिहार में कोई नया गुल खुलाएगी

**भाजपा के लिए चिंता का कारण बन सकती ये नजदीकियां**

**आरा (एजेंसी)।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की राजनीति में बढ़ती महत्वकांक्षाएं और भाजपा से बढ़ती दूरी अब बिहार की राजनीति को नए मोड़ पर ला सकती हैं। चिराग ने हाल ही में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में 50 सीटों पर लड़ाने की घोषणा की थी, जो भाजपा के लिए चिंता का कारण बन गई है। इस घोषणा से साफ हो गया है कि चिराग अब अपने राजनीतिक रास्ते पर अकेले ही आगे बढ़ने को तैयार हैं। चिराग का यह कदम भाजपा के लिए एक नए राजनीतिक चुनौती का संकेत हो सकता है, खासकर तब जब उनकी नजदीकी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बढ़ रही है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि चिराग अब भाजपा से बात न बनने के कारण मुख्यमंत्री नीतीश के साथ अपनी राजनीतिक पटरी जोड़ने में लगे हैं। यह संभव है कि नीतीश कुमार और



चिराग मिलकर एक नया गठबंधन बनाएंगे, जिसमें वाम दल, लोजपा (आर), बसपा और अन्य छोटे दल शामिल हो सकते हैं। इस नए गठबंधन का मकसद भाजपा और राजद को छोड़कर एक नए विकल्प के तौर पर विधानसभा चुनाव में उतारना है। अगर यह गठबंधन बनता है, तब यह भाजपा के लिए बड़ा संकट बन सकता है, क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान एक मजबूत गठबंधन भाजपा के लिए परेशानी पैदा कर सकता है।

चिराग की विदेश यात्राओं पर भी भाजपा की नजरें टिकी हुई हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका, पेरिस और लंदन की यात्रा की है, इससे सवाल उठने लगा है कि चिराग पासवान भविष्य में कोई बड़ा राजनीतिक कदम उठाने की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा को यह डर है कि चिराग पासवान का यह बढ़ता प्रभाव उनके समर्थक वोट में विभाजन का कारण बन सकता है। इसके पहले चिराग ने खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बताया था, लेकिन अब उनकी राजनीति की दिशा भाजपा से दूर होती जा रही है।

# पूर्व पीएम की अस्थि विसर्जन में नदारद रहे कांग्रेसी, पवन खेड़ा ने बताई बात

*** मनमोहन सिंह के परिवार की निजता का सम्मान करते हुए शामिल नहीं हुए नेता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि परिवार की निजता का सम्मान करते हुए, दिवंगत नेता और पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियों को चुनने और विसर्जित करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता परिवार के साथ नहीं गए। मनमोहन सिंह की अस्थियां रविवार को उनके परिवार के सदस्यों ने सिख रीति-रिवाजों के साथ मजनू का टीला गुरुद्वारे के पास यमुना नदी में विसर्जित की। इस मौके पर कांग्रेस नेता दिखाई नही दिए। इसको लेकर कांग्रेस पर बीजेपी ने हमला बोला है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि परिवार की निजता का सम्मान करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियां चुनने और विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गए। हमारे प्रिय दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार के बाद सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने उनके निवास पर परिवार से मुलाकात की थी। उनसे चर्चा करने के बाद यह महसूस किया कि अंतिम संस्कार के समय परिवार को कोई निजता नहीं मिली और परिवार के कुछ सदस्य चिता स्थल पर नहीं पहुंच पाए, इसलिए उन्हें फूल चुनना और अस्थियों के विसर्जन के लिए कुछ निजता देना उचित होगा, जो कि करीबी परिवार के सदस्यों के लिए भावनात्मक रूप से पीड़ादायक और कठिन वक्त होता है।

बता दें कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियां के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता नदारद थे। इसको लेकर बीजेपी के कई नेताओं ने कांग्रेस पर सवाल खड़े किए। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन के वक्त कांग्रेस का कोई नेता मौजूद नहीं था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि यह देखकर बहुत दुख हुआ कि डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियां विसर्जित किए जाने के समय कांग्रेस या गांधी परिवार का एक भी सदस्य मौजूद नहीं था। मीडिया का ध्यान खींचने और राजनीति करने के लिए कांग्रेस मौजूद थी, लेकिन जब उन्हें सम्मान देने की बात आई तो वे नदारद हो गए। वाकई शर्मनाक है।



# अदानी एंटरप्राइजेज का राजस्व 2026-27 तक 1,56,343 करोड़ पहुंचने का अनुमान: रिपोर्ट

**- कंपनी का मुनाफा 45.8 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ने की संभावना**

**नई दिल्ली ।** अदाणी इंटरप्राइजेस लिमिटेड (एईएल) का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 के दौरान सालाना आधार पर 17.5 प्रतिशत बढ़कर 1,56,343 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 45.8 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ने की संभावना है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एईएल भारत के सबसे बड़े सूचीबद्ध इनक्यूबेटर में से एक है। इसने कई सफल व्यवसायों की परिकल्पना की है, उन्हें विकसित और परिपक्व बनाया है। इनमें बंदरगाह कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, शहर गैस वितरक अदाणी टोटल गैस, बिजली पारेषण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर और जिंस कंपनी अदाणी विल्मर शामिल हैं। कंपनी हवाई अड्डा, सौर मॉड्यूल और पवन टर्बाइन, हरित हाइड्रोजन, सड़क निर्माण, डेटा सेंटर और तांबा क्षेत्र में कार्यरत है। रिपोर्ट के अनुसार कई सफल उद्योग-अग्रणी व्यवसायों की इनक्यूबेटर एईएल भविष्य की वृद्धि को गति देने के लिए महत्वाकांक्षी रूप से हरित हाइड्रोजन और इसके पारिस्थितिकी तंत्र में विविधता ला रही है। नवंबर, 2024 में अमेरिकी न्याय विभाग (यूएस-डीओजे) के नोटिस के बाद शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद एईएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत बुनियादी बातों और परिचालन आधार के जरिये अच्छा प्रदर्शन किया है। इसे 'सेकी' से 'साइट' योजना के अंतर्गत 101.5 मेगावाट प्रति वर्ष इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधा के लिए ठेका मिला है। ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) योजना के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप एक वित्तीय कार्यक्रम है जो भारत में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण का समर्थन करता है। यह योजना राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का हिस्सा है, जिसका परिव्यय 2029-30 तक 19,744 करोड़ रुपये है।

# सिटीकेम इंडिया के आईपीओ पर 31 तक लगा सकते हैं दाव

**- आईपीओ का प्राइस बैंड 70 रुपए प्रति शेयर**

**नई दिल्ली ।**

सिटीकेम इंडिया लिमिटेड के आईपीओ को 27 दिसंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है और इसमें निवेशक 31 दिसंबर तक दांव लगा सकते हैं। इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। लिस्टिंग से पहले यह आईपीओ ग्रे मार्केट में धमाल मचा रहा है। यह एक फिक्स प्राइस आईपीओ है। 70 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से आईपीओ के तहत कुल 12.60 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 18 लाख शेयर की बिक्री की जाएगी। शेयर अलॉटमेंट को 1 जनवरी को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है और कंपनी के 3 जनवरी को स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्ट होने की उम्मीद है। इस आईपीओ का मिनिमम लॉट साइज 2000 शेयर का है और शेयर की कीमत 70 रुपये रखी गई है। इस तरह रिटेल कैटेगरी में मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,40,000 रुपये का होगा। इस




आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह ग्रे मार्केट में 30 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। लिस्टिंग पर यह शेयर 43 फीसदी तक का मुनाफा करा सकता है। संभावित लिस्टिंग कीमत 100 रुपये है। हालांकि बाजार के जानकारों के मुताबिक ग्रे मार्केट से मिले संकेतों की बजाय कंपनी की कारोबारी सेहत के हिसाब से निवेश से जुड़े फैसले लेने चाहिए।

# चीन भारत में पेट्रोरसायन उत्पादों को 'डंप' कर सकता, चिंतित फिक्की

**मोदी सरकार को पत्र लिखकर किया आगाह**

**मुंबई ।**

चीन जैसे देशों द्वारा भारत में कम आयात शुल्क का फायदा उठाकर पेट्रोरसायन उत्पादों को 'डंप' करने की आशंका है। एक शीर्ष व्यापार निकाय ने इस लेकर मोदी सरकार को पत्र लिखकर इन उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग की है। फिक्की (फिक्की) की पेट्रोकेमिकल्स एवं प्लास्टिक समिति ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय को पत्र लिखकर पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन पर सीमा या आयात शुल्क को 7.5 से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत करने की मांग की है। पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन का व्यापक रूप से मोटर वाहन, पैकेजिंग, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक और चिकित्सकीय उपकरणों के साथ-साथ निर्माण में इस्तेमाल किया जाता है। भारत में पेट्रोरसायन की कमी है। अब तक घोषित क्षमता वृद्धि को देखकर पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन की अनुमानित कमी 2030 तक मौजूदा मूल्य स्तर पर 1.2 करोड़ टन प्रति वर्ष या 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। भारतीय उत्पादक कारोबार की चक्रीय प्रकृति में फंसे हुए हैं, वहीं चीन पेट्रो रसायन उत्पादन क्षमता बढ़ा रहा है और तेजी से एक प्रमुख निर्यातक बनाता जा रहा है। भारत के प्रमुख आयात स्थान वर्तमान में पश्चिम एशिया और अमेरिका हैं जो कच्चे माल की कम दाम पर उपलब्धता के कारण बेहतर मुनाफे का लाभ लेते हैं। फिक्की की पेट्रोकेमिकल्स एवं प्लास्टिक समिति ने बताया कि रसायनों और पेट्रोरसायनों का वर्तमान आयात 101 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो भारत के लिए अपने आयात बिल को कम करने और आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त करने का एक बड़ा मौका प्रस्तुत करता है। रसायन और पेट्रोरसायन भारत में आयात की दूसरी सबसे बड़ी श्रेणी है। पॉलिप्रोपीलीन और पॉलिएथेलीन के आयात पर शुल्क की कम दर इन सामग्रियों के लिए भारतीय बाजार में वृद्धि अपेक्षाकृत आसान बनाती है। समिति ने लिखा कि आयात में यह वृद्धि हमारे घरेलू उत्पादकों के मुनाफे के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न करती है, जिससे स्थानीय बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बाधित होती है।

# बाजार में गिरावट के बीच सोमवार को तीन आईपीओ ने मारी एंट्री

**मुंबई ।**

मिलेजुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू स्टॉक मार्केट में सोमवार कमजोर शुरुआत हुई। बाजार में गिरावट के बीच सोमवार को तीन आईपीओ कैरारो इंडिया, वेंटिव हॉस्पिटैलिटी और सेनोर्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की लिस्टिंग हुई।

इसमें ऑटो कम्पोनेंट और इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी कैरारो इंडिया की डिस्काउंट पर लिस्टिंग हुई। जबकि वेंटिव हॉस्पिटैलिटी और फार्मा कंपनी सेनोर्स फॉर्मा प्रीमियम पर लिस्ट हुए। सेनोर्स फार्मा में निवेशकों को करीब 52 फीसदी का लिस्टिंग गेन हुआ।

**कैरारो इंडिया : 7.5 प्रतिशत डिस्काउंट पर लिस्ट**

ऑटो कम्पोनेंट और इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी कैरारो इंडिया का शेयर एनएसई पर 7.53 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 651 रुपये पर लिस्ट हुआ है। वहीं बीएसई पर 6.25 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 660 रुपये पर लिस्टिंग हुई है।

स्टॉक का इश्यू प्राइस 704 रुपये था। बता दें, कैरारो इंडिया छोटे गियर से लेकर ट्रैक्टर असेंबली तक के कंपोनेंट बनाती है। यह कंपनी ट्रांसमिशन सिस्टम को डिजाइन करने के साथ प्रोडक्शन और मार्केटिंग करती है।

**वेंटिव हॉस्पिटैलिटी : 12 प्रतिशत लिस्टिंग गेन**

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की कंपनी वेंटिव हॉस्पिटैलिटी का आईपीएल प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ है। स्टॉक का इश्यू प्राइस 643 था। एनएसई पर शेयर 11.35 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 716 रुपये और बीएसई पर 11.7 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 718.15 पर लिस्ट हुआ। वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन मंगलवार तक कुल 9.82 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। आईपीओ के लिए 610-643 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। आईपीओ पूरी तरह से 1,600 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू था।

वेंटिव हॉस्पिटैलिटी (पूर्व में आईसीसी रियल्टी) अमेरिका स्थित ब्लैकस्टोन ग्रुप और पंचशील रियल्टी का एक संयुक्त उद्यम है। जबकि फार्मा सेक्टर की कंपनी सेनोर्स फॉर्मा की बाजार में जबरदस्त एंट्री हुई। यह शेयर एनएसई पर 53.45 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 600 रुपये पर लिस्ट हुआ है।

बीएसई पर स्टॉक 51.84 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 593.70 पर लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 391 रुपये था। सेनोर्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के 582 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 93.69 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।

# वित्त वर्ष 2024 में बीमा कंपनियों ने 82 फीसदी दावों का निपटान किया: रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।**

वित्त वर्ष 2024 में भारतीय बीमा कंपनियों ने स्वास्थ्य इंश्योरेंस के लेम करने वाले 100 पॉलिसी होल्डर में से 82 को ही भुगतान किया है, जैसा कि बीमा नियामक इरडा ने जानकारी दी है।

इस वर्ष, बीमा कंपनियों ने 1.1 लाख करोड़ रुपए के 3 करोड़ दावे दर्ज किए, जिसमें से लगभग 2.7 करोड़ दावों का निपटान किया गया और 83,493 करोड़ रुपए का भुगतान पॉलिसीधारकों को किया गया।

पिछले वर्षों के 6,290 करोड़ रुपए के 17.9 लाख लंबित दावे भी थे, जिनमें से 15,100 करोड़ रुपए के दावे पॉलिसी अनुबंध की शर्तों और नियमों के अनुसार अमान्य घोषित किए गए। वित्त वर्ष में बीमा कंपनियों ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के रूप में 1.1 लाख करोड़ रुपए इकट्ठा किया, जिसमें सरकारी कंपनियों ने 40,993 करोड़ रुपए, प्राइवेट कंपनियों ने 34,503 करोड़ रुपए और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने 32,180 करोड़ रुपए जमा किए।

दावे के निपटान में 72 फीसदी दावे टीपीएएस के माध्यम से निपटाए गए, जबकि 28 फीसदी दावे कंपनी के इन-हाउस सिस्टम से निपटाए गए। भुगतान की विधि के बारे में, 66.16 फीसदी दावे कैशलेस मोड में निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी दावे रीइंबर्समेंट मोड में निपटाए गए। इस वर्ष बीमा लोकपाल कार्यालय को स्वास्थ्य बीमा से संबंधित 34,336 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 6,235 शिकायतों का निर्णय पॉलिसीधारक के पक्ष में हुआ। सबसे अधिक शिकायतें मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, और चंडीगढ़ से प्राप्त हुईं। समग्रता में वित्त वर्ष 2024 में बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को 83,493 करोड़ रुपए का भुगतान करके स्वास्थ्य बीमा खाते में परिपूर्ण सहायता प्रदान की।

## रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.51 पर बंद हुआ। रुपया सोमवार को सुबह शुरुआती कारोबार में पांच पैसे नीचे आकर 85.53 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच ही निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिसका दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुक्रवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया तथा सोमवार को दिसंबर मुद्रा वायदा की समाप्ति तथा बकाया वायदा में परिपक्वता से जुड़ी डॉलर की भारी मांग के बीच रुपये में कमजोरी आई। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.53 पर आ गया। ये पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.48 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.00 पर देखा गया।




## सेबी की कार्रवाई: स्टॉक टिप्स देने वाले वेबसाइट्स और इंफ्लुएंसर्स पर रोक

**मुंबई ।** सेबी ने सोशल मीडिया खुद को इंफ्लुएंसर बताकर शेयर मार्केट के टिप्स और स्टॉक्स की सिफारिशें करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। साल 2024 में कई लोगों पर कार्रवाई की गई है, जिन्होंने शेयर बाजार के बारे में भ्रामक जानकारी दी और लोगों को गुमराह किया। इनमें से एक प्रमुख इंफ्लुएंसर के खिलाफ हाल ही में सख्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही सेबी ने 15,000 से ज्यादा वेबसाइट्स पर भी प्रे तिबंध लगा दिया है, जो स्टॉक टिप्स और सिफारिशों से जुड़ा कंटेंट फैला रहे थे। सेबी की इस कार्रवाई से यह पता चलता है कि सोशल मीडिया पर गलत औ भ्रामक जानकारी देने वाले लोगों और प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक शेयर बाजार में निवेश के नाम पर गलत जानकारी और गुमराह करने वाले लोगों पर इस साल सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। सेबी ने 15,000 से अधिक साइट्स और कई फिनफ्ल्युएंसर्स को बैन कर दिया है। इन लोगों पर आरोप है कि ये सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके लोगों को गलत जानकारी दे रहे थे। इससे न सिर्फ लोग गुमराह हुए बल्कि उन्हें मोटा नुकसान भी हुआ है। बता दें कि शेयर बाजार में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। अगर आपको कोई भी निवेश करना है तो आप पहले अपने वित्तीय सलाहकार की सलाह जरूर ले लें। इस साल सेबी ने दो लोगों पर प्रतिबंध लगाया है। एक फिनफ्ल्युएंसर्स 'बाप आफ चार्ट' नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टिव थे, जहां वो अक्सर लोगों को शेयर खरीदने और बेचने की सलाह देते थे। सेबी तक बात पहुंचने पर सेबी ने उसके और उनके साथियों को एक एस्क्रो अकाउंट खोलकर 17 करोड़ रुपए जमा करने का आदेश दिया है। सेबी ने यह भी बताया कि इन पैसों का इस्तेमाल उन निवेशकों का पैसे लौटाने के लिए किया जाएगा, जिनके पैसे इनकी सलाह से डूबे हैं। इसके अलावा इस पर 20 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

## एनएचपीसी के दल ने त्रिपुरा में डंबूर जलविद्युत संयंत्र का किया अध्ययन

**- बंद हो चुके जलविद्युत संयंत्र के पुनरुद्धार के लिए एनएचपीसीएल को बनाया सलाहकार**



**अगरतला ।** राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) लिमिटेड ने त्रिपुरा के गोमती जिले में स्थित डंबूर जलविद्युत परियोजना के पुनरुद्धार के लिए एक अध्ययन किया है। इस वर्ष यह परियोजना बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम (टीएसईसीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परियोजना के पुनरुद्धार की योजना के तहत एनएचपीसीएल के छह सदस्यीय दल ने एक तीन दिवसीय दौरे के दौरान इस परियोजना को देखा। उन्होंने बताया कि अब बंद हो चुके जलविद्युत संयंत्र के पुनरुद्धार के लिए एनएचपीसीएल को सलाहकार के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा कि डीपीआर प्राप्त होने के बाद सरकार बढ़ी हुई बिजली उत्पादन क्षमता के साथ संयंत्र को फिर से चालू करने का निर्णय लेगी। डंबूर जलविद्युत संयंत्र को दैनिक आधार पर 15 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए विकसित किया जा सकता है, जिससे राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा दायित्व (आरपीओ) को सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह परियोजना राज्य के ऊर्जा संकट को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। ,

इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कम कटौती के संकेतों से भी बांड यील्ड में बढ़त का दबाव घरेलू बाजारों पर पड़ा है। बैंकिंग स्टॉक्स में बिकवाली और इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले एचडीएफ़सी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टॉक्स में गिरावट से भी बाजार नीचे आया।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 450.94 अंक या 0.57 फीसदी नीचे आकर 78,248.13 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई भी गिरावट के साथ खुला और उतार-चढाव भरे कारोबार के अंत में 168.50 अंक तकरीबन 0.71 फीसदी नीचे आकर 23,644.90 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आया। वहीं टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एबीआई, मारुति, एचडीएफ़सी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और




रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे आये।

दूसरी ओर सेंसेक्स की 30 कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक 4 फीसदी से ज्यादा बढ़कर जोमेटो का शेयर बंद हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए।

विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 13.23 अरब रुपये (155 मिलियन डॉलर) के शेयर बेचे इसके विपरीत, घरेलू निवेशकों ने पिछले आठ सेशन में शुद्ध रूप से इक्विटी खरीदी।

इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी सप्ताह के पहले कारोबारी दिन गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर खुला जबकि निफ्टी 30 अंक की गिरावट के साथ 23,800 के नीचे फिसल गया।

## खुदरा उद्योग के लिए 2025 बदलाव का वर्ष होगा

**- एआई तथा स्वचालन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे**

**नई दिल्ली ।** नए वर्ष का भारतीय खुदरा उद्योग का दृश्य व्यापक और आशावादी है। त्वरित-वाणिज्य माध्यमों के तेजी से विकास और ओएनडीसी के उदभव के साथ खुदरा उद्योग नये दौर में प्रवेश कर रहा है। एआई और स्वचालन की नई युग की प्रौद्योगिकियां खुदरा सेक्टर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। आपूर्ति श्रृंखला दक्षताओं के निर्माण और लॉजिस्टिक्स के अपग्रेड के साथ, रोजगार सृजन भी उम्मीद है। रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार 2024 में भारतीय खुदरा सेक्टर के लिए चुनौतियां और अवसरों का मिश्रण दिख रहा है। खुदरा विक्रेताओं ने प्रौद्योगिकी का उपयोग करके परिचालन और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। ओएनडीसी जैसे नए अवसर उत्पन्न करने में मदद कर रहा है। रिलायंस की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय खुदरा सेक्टर का सकल जीडीपी में 10 फीसदी का योगदान है। इस सेक्टर की गति त्वरित है और 2027 तक 1400 अरब डॉलर की कमाई की उम्मीद है। खुदरा उद्योग 2030 तक तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की ओर अग्रसर है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि पहली छमाही में वृद्धि धीमी रही, खपत में मामूली वृद्धि हुई और उपभोक्ता खर्च में सतर्कता बरती गई। कई खुदरा विक्रेताओं को समान वृद्धि हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा जो उपभोक्ता प्राथमिकताओं में बदलाव को दर्शाता है।



# एच-1बी वीजा प्रोग्राम बचाने की मुहिम को मिला ट्रंप का समर्थन

**- ट्रंप ने कहा, मैं एच-1बी वीजा में विश्वास करता रहा हूं, मैंने कई बार इसका इस्तेमाल किया है**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका के जाने माने उद्योगपति एलन मस्क द्वारा एच-1बी वीजा प्रोग्राम को बचाने की मुहिम को अब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी समर्थन मिल गया है। एक दिन पहले ही अरबपति कारोबारी ने कुशल विदेशी पेशेवरों को अमेरिका लाने के चलते इस प्रोग्राम आगे भी बनाए रखने की बात कही थी। बता दें कि ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए एलन मस्क के साथ भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी को चुना था। मस्क ने पिछले हफ्ते तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी कंपनियों के लिए विदेशी पेशेवरों की जरूरत है, और इसके लिए यह प्रोग्राम जरूरी है। मस्क ने इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक यूजर को फटकार लगाई, जिसने वीजा प्रोग्राम को लेकर उनके रुख पर हमला करने के लिए उनके ही एक पुराने वीडियो का इस्तेमाल किया था। मस्क ने 'एक्स' पर लिखा, मैं एच-1बी प्रोग्राम के कारण ही स्पेसएक्स, टेस्ला और अमेरिका को मजबूत बनाने वाली सैकड़ों अन्य कंपनियों का निर्माण करने वाले कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ अमेरिका में हूं। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क




का पक्ष लेते हुए कहा कि वह अपने कुछ समर्थकों के विरोध किए जाने वाले प्रोग्राम का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि मैं एच-1बी वीजा में विश्वास करता रहा हूं। मैंने कई बार इसका इस्तेमाल किया है। यह एक शानदार प्रोग्राम है।

## डीजीटीआर का छह देशों से आयातित पीवीसी पेस्ट रेजिन पर डंपिंग रोधी शुल्क का सुझाव

**- शुल्क 89 डॉलर प्रति टन से लेकर 707 डॉलर प्रति टन तक बढ़ सकता है**

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू उत्पादकों को संरक्षण देने के उद्देश्य से चीन समेत छह देशों से आयात होने वाले पीवीसी पेस्ट रेजिन पर पांच साल तक डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य है भारतीय उत्पादकों को विदेशी उत्पादकों से हो रहे अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाना है। व्यापार उपचार इकाई (डीजीटीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में डंपिंग होने की वजह से घरेलू उद्योगों को नुकसान हो रहा है। इसके चलते डीजीटीआर ने पीवीसी पेस्ट रेजिन के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क की सिफारिश की है। यह सिफारिश लागू होने पर शुल्क की सीमा 89 डॉलर प्रति टन से लेकर 707 डॉलर प्रति टन तक हो सकती है। इसमें कंपनियों को उचित मार्गदर्शन देने के साथ-साथ भारतीय उत्पादकों को सुरक्षित रखने का उद्देश्य है। इसके अंतर्गत कई उत्पादों पर पहले भी भारत ने सस्ते आयात से निपटने के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगाए हैं। इससे यह साबित होता है कि सरकार उद्यमियों की सुरक्षा और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत को हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की

**–खराब अंपायरिंग बनी भारतीय टीम की हार का कारण**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने यहां खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 184 रनों से हरा दिया। इस मैच में अंतिम दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम केवल 155 रन ही बना सकी और उसे करारी हार झेलनी पड़ी है। इस जीत के साथ ही बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाए थे जबकि भारतीय टीम पहली पारी में 369 रन पर आउट हुई थी। इस प्रकार मेजबानों को पहली पारी के आधार पर 105 रनों की बढ़त मिल हुई थी जबकि दूसरी पारी में वह 234 रनों पर आउट हुई थी। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रनों का लक्ष्य मिला था।

इस मैच में भारतीय टीम की हार के पीछे खराब बल्लेबाजी के साथ ही अंपायरिंग भी रही। जिस प्रकार मैच में जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे यशस्वी जायसवाल को आउट दिया गया। उससे मैच पलट गया। इस मैच में जीत के लिए 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके तीन बड़े विकेट 33 रनों के अंदर ही निकल गये। कप्तान रोहित शर्मा 9 और विराट कोहली 5 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद ऋषभ पंत 30 और यशस्वी जायसवाल 84 ने अच्छी बल्लेबाजी कर मैच में वापसी के प्रयास किये लेकन इसके आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी ढ़ह गयी। इस मैच में जीत के साथ ही बॉर्डर मेजबान टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है और उसके आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाएं तकरीबन पक्की हो गयी हैं।

मैच में खराब अंपायरिंग के कारण दो फैसले भारतीय टीम के खिलाफ गये जिससे मैच बदल गया।

भारतीय टीम इस मैच को बचाने की ओर तभी यशस्वी ने एक बाउंसर को खेलने का प्रयास किय। इस पर मैदानी अंपायर के कोई फैसला नहीं लेने पर कंगारुओं ने डीआरएस लिया। इसके टीवी रिप्ले में यह दिख रहा था कि गेंद ने एंगल बदला है पर स्निकोमीटर पर कोई संकेत नहीं होने के बाद भी अंपायर ने यशस्वी को आउट दे दिया। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने मैच में एक बार फिर पकड़ बना ली। यशस्वी 208 गेंदों में 8 चौके लगाकर 84 रन बनाकर आउट हुए। इसी प्रकार अंपायर ने आकाश दीप को भी स्निकोमीटर के आधार पर आउट दे दिया।

वहीं इस मैच में रोहित अपने स्वाभाविक अंदाज के विपरीत रक्षात्मक खेलने के कारण आउट हुए। वहीं विराट ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में एक बार फिर विकेट गंवा बैठे। इस मैच में मध्यक्रम में केएल राहुल को शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये जिससे भारतीय टीम दबाव में आ गयी। उसके

बाद ऋषभ और यशस्वी ने पारी को आगे बढ़ाया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए कप्तान पैट कमिंस ने पूरी ताकत लगा दी। इस दौरान ऋषभ अपने पर काबू नहीं कर पाये और बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच हो गये। ऋषभ ने 104 गेंदों में 2 चौके के बल पर 30 रन बनाये थे। वहीं रविंद्र जडेजा को स्कॉट बोलैंड ने 2 रन पर आउट किया जबक नाथन लायन ने पहली पारी के शतक लगाने वाले नीतीश कुमार रेड्डी को एक रन पर पवेलियन भेजकर भारतीय टीम की हार तय कर दी। इसके बाद यशस्वी और आकाश दीप खराब अंपायरिंग का शिकार बने जिससे

भारतीय टीम के हाथ से मैच निकल गया। अंत में जसप्रीत बुमराह और मोहम्म सिराज को



आउट करने में मेजबानों को कोई परेशानी नहीं हुइ।

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम अंतिम दिन 234 रन पर आउट हो गई। अपने चौथे दिन के स्कोर 9 विकेट पर 228 रन से आगे खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों नाथन लायन 41 रन और स्कॉट बोलैंड नाबाद 15 ने छह रन और जोड़े। बुमराह ने लायन को आउट करके ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया। लायन को भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक भी रन जोड़े बिना 41 रनों पर ही पेवेलियन भेजकर मेजबान टीम की पारी समेट दी। मेजबान टीम के पास पहली पारी के आधार पर 105 रनों की बढ़त थी जिससे भारत को जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य मिला। भारतीय टीम की ओर से बुमराह ने 57 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज को तीन और रविंद्र जडेजा को एक विकेट मिला। बुमराह ने रविवार को अपने 200 विकेट भी पूरे किए थे। अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 228 रन से आगे खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों नाथन लायन 41 रन और स्कॉट बोलैंड नाबाद 15 ने छह रन और जोड़े। बुमराह ने लायन को आउट करके ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया।

## ऋषभ का विकेट मिलने पर हेड ने अलग तरीके से मनाया जश्न , सवाल भी उठे



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भले ही रन नहीं बनाये पर इसकी कमी अपनी गेंदबाजी से पूरी कर दी। यहां मैच के अंतिम दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे ऋषभ पंत का विकेट मिलने पर हेड इतने उत्साहित हो गये कि अलग ही अंदाज में जश्न मनाने लगे। हेड ने विकेट मिलने पर अपनी एक उंगली को अपने दूसरे हाथ से बनाए गए एक घेरे में घुमाया। इस अजब जश्न को लेकर लोग हैरान हो गये। कुछ लोगों को यह मजेदार लगा जबकि अन्य इसपर नाराज दिखे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस क्लिप को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया हालांकि बाद में इसे डिलीट कर दिया जिससे भी माना जा रहा था कि ये विवादास्पद था।

किसी को समझ नहीं आया कि हेड का जश्न किस बात को लेकर था। कुछ लोगों ने इसे अजीब कहा, वही कई लोगों को ये गलत लगा। इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गई कि क्या इसने कोई नियम तोड़ा है, लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या इसे अश्लील इशारे के लिए लेवल 1 अपराध के रूप में रखा जा सकता है। वहीं कमेंटेटर जेम्स ब्रेशॉ ने कहा कि ट्रैविस हेड ने उस समय अपनी उंगली पर बर्फ लगाने के बारे में कुछ कहा था, और ऐसा लगता है कि यह उसी को लेकर था। वहीं यदि इशारा अनुचित माना जाता है, तो हेड को जुर्माना या निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में रिकार्ड संख्या में दर्शक पहुंचे, 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा


**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच को देखने रिकार्ड संख्या में प्रशंसक पहुंचे। इस मैच में पांच दिनों में पहुंचे प्रशंसकों की संख्या 350, 700 ने पिछले सारे रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। 88 साल के ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी भारी तादाद में दर्शक स्टेडियम पहुंचे है। अब सबसे ज्यादा दर्शकों के पहुंचने का रिकॉर्ड एमसीजी के नाम दर्ज हुआ है। इससे 350,534 दर्शकों के पहुंचने का पिछला रिकॉर्ड भी टूट गया है। गौरतलब है कि साल 1936-37 में ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट मैच में पांचों दिन मिलाकर कुल 3 लाख 50 हजार 534 दर्शक मैच देखने स्टेडियम पहुंचे थे। अब ये रिकॉर्ड बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में टूटा है। इस टेस्ट में सर्वाधिक दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने का नया ऑल टाइम रिकॉर्ड बना है। पांचवें दिन पहले सत्र के दौरान पिछले 5 दिनों में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर रिकॉर्ड 350, 700 दर्शक पहुंचे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार यह ऑस्ट्रेलिया में किसी टेस्ट मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति है। एमसीजी ने लिखा,' हमने आधिकारिक 1936/37 में बनाए गए रिकॉर्ड को पार कर लिया है। जब ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला इंग्लैंड से हुआ था और टेस्ट मैच 6 दिनों तक चला था।' वहीं कमेंट्री कर रहे एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि दर्शकों की संख्या में आखिरी समय तक बढ़त रही।

## यह हार मानसिक रूप से परेशान करने वाली : रोहित शर्मा का चौथा टेस्ट हारने पर पहला बयान

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों यहां चौथे टेस्ट में 184 रन की हार को 'मानसिक रूप से परेशान करने वाली' करार देते हुए सोमवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम इस मैच में संघर्ष करने का जज्बा दिखाने में विफल रही। भारत पांच मैचों की इस श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया है। श्रृंखला का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

खुद रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे रोहित ने मैच के बाद कहा, 'यह मानसिक रूप से परेशान करने वाला होता है जब आप वह नहीं कर पाते जो करने आए हैं।' उन्होंने इससे पहले पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह काफी निराशाजनक है। मैच जीतने के तरीके होते हैं और हम यहां मैच जीतने के तरीके ढूंढने में चूक गए। हम अंत तक टक्कर देना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर सकें।'


ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 90 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था और रविवार को उस समय उसकी कुल बढ़त अभी 200 तक नहीं पहुंची थी। टीम हालांकि पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत को 340 रन का लक्ष्य देने में सफल रही। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अनुकूल स्थिति का फायदा नहीं उठा सकी। भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने 90 रन तक ऑस्ट्रेलिया के छह विकेट चटका लिए थे। हमें पता था कि हमारे लिए चीजें आसान नहीं होंगी लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में भी जज्बा दिखाना चाहते थे। हम हालांकि ऐसा करने में नाकाम रहे। मैं अपने रूम में जाने के बाद सोच रहा था कि हम टीम के तौर पर और क्या कर सकते थे।' उन्होंने



कहा, 'हमने जो भी मौके बनाये उसे गंवा दिये। उन्होंने कड़ा संघर्ष किया। खासकर आखिरी विकेट की उनकी साझेदारी ने, शायद उस साझेदारी ने मैच को हमसे दूर कर दिया।'

## इसलिए स्कीइंग नहीं करते रोनाल्डो

हेलसिंकी । पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आजकल अपने परिवार के साथ यूरोपीय देश फिनलैंड में छुट्टियां मना रहे हैं। रोनाल्डो ने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कड़ाके की सर्दी के बीच ही शॉट्स पहने ही पूल के



सामने दिख रहे हैं। रोनाल्डो ने इस दौरान केवल स्कीइंग नहीं की क्योंकि इमें चोटिल होने का खतरा है। रोनाल्डो ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया में साझा किया है। रोनाल्डो ने अपने परिवार के साथ यहां जमकर मस्ती की। आम तौर पर फुटबॉलरों को स्कीइंग नहीं करने की सलाह दी जाती है। इसका कारण है कि इसमें चोटिल होने का काफी खतरा रहता है। आजकल वह साउदी अरब के क्लब अल-नास्सर एफसी से खेलते हैं। अल-नास्सर एफसी के लिए अनुबंध करने के बाद से ही रोनाल्डो सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस पुर्तगाली फुटबॉलर ने 2024 की शुरुआत जोरदार अंदाज में की, क्योंकि उन्होंने फरवरी में एएफसी चैंपियंस लीग 2023-24 के राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में अल-फायहा एफसी पर अल-नासर की 1-0 की जीत में एकमात्र गोल किया था।

## अपने को साबित करना चाहता था : नितीश

मेलबर्न। ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक बनाने के बाद से ही छाए हुए हैं। नितीश ने कहा है कि उन्हें टेस्ट के योग्य नहीं माना जाता था। इसी कारण वह साबित करना चाहते थे कि इस प्रारुप में भी वह रन बना सकते हैं। अब एमसीजी मैदान पर शतक लगाकर उन्होंने दिखाया है कि वह क्रिकेट के शीर्ष स्तर पर खेल सकते हैं। वहीं इस सीरीज के पहले उनके चयन को लेकर कई दिग्गजों ने सवाल भी उठाये थे पर कोच गौतम गंभीर उन्हें शामिल करने पर अड़े हुए थे जिनका भरोसा उन्होंने कायम रखा। वहीं अब छह पारियों में 293 रन



बनाकर इस बल्लेबाज ने अपनी क्षमताएं दिखायी हैं। रेड्डी की 114 रन की पारी की बदौलत भारत पहली पारी में 369 रन बनाने में सफल रहा। इस शतक की बदौलत युवा बल्लेबाज ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'कुछ लोगों का कहना था कि आईपीएल खेलने वाला कोई युवा खिलाड़ी इतनी बड़ी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकता। इस 21 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मैं बस उन्हें यह बताना चाहता हूं कि उन्होंने मेरे बारे में जो कुछ कहा है, वह गलत है और मैं यही कर रहा हूं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि मैं भारतीय टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देने के लिए यहां हूं। यह पूछे जाने पर कि वह पिछले एक महीने को कैसे देखते हैं जिसमें उनका जीवन बदल गया, उन्होंने तुरंत जवाब दिया 'मुझे लगता है कि आप लोगों के लिए यह एक या दो महीने ही हैं। लेकिन मेरे लिए यह पिछले दो से तीन साल हैं। मैं अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर कितनी मेहनत कर रहा हूं। इस क्रिकेटर ने 2024 आईपीएल की शुरुआत से पहले 'साइड-आर्म थ्रोडाउन विशेषज्ञों की सेवायें ली थीं और उनके खिलाफ लगभग 18 गज की दूरी से 145 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंद पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया था जिसका लाभ भी उन्हें मिला है।

## जायसवाल का कैच आउट विवाद: गावस्कर और शास्त्री ने अंपायर के फैसले को बताया गल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेट सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर के फैसले गलत बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।


भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था लेकिन गेंद उनके बल्ले के बेहद करीब से निकली और कीपर ने पीछे कैच किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपील की लेकिन मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस पर रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर बंगलादेश के शफुद्दौला ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था। लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के पास से डिफलेक्ट हो रही थी।

तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया। इसके बाद कॉमेंटी कर रहे गावस्कर ने कहा, 'यह फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को सबूत चाहिए और तीसरे अंपायर को उसी हिसाब से निर्णय देना होगा। अगर मैदानी अंपायर ने कोई निर्णय लिया है तो उसको बदलने के लिए पर्याप्त सबूत चाहिए होते हैं, जो इस मामले में नहीं था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। वीडियो में जो दिख रहा है, वह ऑप्टिकल इल्यूजन भी हो सकता है।'

वहीं शास्त्री ने कहा, 'बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट का निर्णय लेते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज है।'



## साल 2024 में आईपीएल फैंचाइजियों का राजस्व दोगुना हुआ




मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे अमीर लीग है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 10 फैंचाइजी का संयुक्त राजस्व वित्त वर्ष 24 में 3082 से दोगुना होकर 6797 करोड़ पहुंच गया है। इसका कारण इस मीडिया राइट्स को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में डिजनी स्टार और वायाकॉम 18 के साथ साल रिकॉर्ड 48 हजार 390 करोड़ का मीडिया राइट्स का करार किया था। मीडिया राइट्स के अलावा बीसीसीआई को टाटा ग्रुप, माई11सर्कल, सिएट और एंजेलवन सहित प्रमुख ब्रांडों के साथ बहु-वर्षीय प्रायोजन समझौतों से भी 4 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होती है। बीसीसीआई की बढ़ती कमाई का एक कारया ब्रांड वैल्यू का बढ़ना भी है। आईपीएल का ब्रांड मूल्य साल 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2009 में इसके 2 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से छ गुना अधिक है। विशेष रूप से 4 फेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सी.एस.के.), मुंबई इंडियंस (एम.आई.), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर.सी.बी.), और कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) की ब्रांड वैल्यू 100 मिलियन डॉलर से आगे निकल गयी है। टीम प्रायोजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जिससे वित्तीय स्थिरता बढ़ीं। इसके अलावा, टिकटों की ऊंची कीमतों और स्टेडियम भरे होने से भी लाभ हुआ है। गुजरात टाइटास 776 करोड़ के साथ सबसे ऊपर है। वित्त वर्ष 23 में उनका राजस्व 359 करोड़ था। वहीं मुंबई इंडियंस 737 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स का राजस्व भी 322 करोड़ से दोगुना होकर 698 करोड़ हो गया है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स वित्त वर्ष 2013 में 292 करोड़ की तुलना में 676 करोड़ पर पहुंच गयी है।

## जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे कार्लसन

**स्पोर्ट्स डेस्क।** फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था।

दरअसल, पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। नीति में बदलाव की घोषणा करते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अर्काडी वोरवोविच ने कहा ,'' मैंने पोशाक की




उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लेने में फिडे अधिकारियों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए इस नजरिये का प्रयोग करने का फैसला किया है।'' उन्होंने कहा ,'' नियम सरल है कि आधिकारिक ड्रेस कोड का अभी भी पालन करना होगा लेकिन थोड़े से बदलाव (जैकेट के साथ जींस) की अनुमति दी गई है। बयान में कहा गया ,'' फिडे को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मैग्नस कार्लसन फिडे विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।'' कार्लसन ने रविवार को टूर्नामेंट के दौरान फिडे उपाध्यक्ष और भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से मुलाकात की। बयान में कहा गया ,'' फिडे कार्लसन और विश्व शतरंज समुदाय के साथ मिलकर फिडे प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों और प्रशंसकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने की दिशा में काम करता रहेगा।''कार्लसन ने अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए कहा ,'' मैं न्यूयॉर्क में कम से कम एक दिन और खेल रहा हूं। अच्छा खेला तो अगले दिन भी। हमने कल इस बारे में बात की और फिडे अध्यक्ष से हमारे अच्छे संबंध हैं।'' आनंद ने कहा था कि फिडे के पास कार्लसन को अयोग्य करार देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था क्योंकि उन्होंने नियम को मानने से इनकार कर दिया था।

## जॉश इंग्लिस का बीबीएल में खेलना भी तय नहीं

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस का पिंडलियों में आए खिंचाव के कारण जहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। वहीं उनके घरेलू लीग (बीबीएल) में खेलने की संभावना भी नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह अगले महीने के अंत में होने वाले श्रीलंका टेस्ट दौरे तक फिट हो जाएंगे। श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम एक अभ्यास शिविर के लिए यूएई भी जाएगी। इंग्लिस को बॉर्डर गावस्कर सीरीज में विकेटकीपर के विकल्प के तौर पर शामिल किया गया था। मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन स्थानापंन्न खिलाड़ी के रूप में क्षेत्ररक्षण करते हुए उन्हें खिंचाव का अनुभव हुआ। इस कारण ही वह अंतिम टेस्ट से बाहर हुए हैं। । वहीं तेज गेंदबाज जाय रिचडर्सन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के साथ बने रहेंगे।



# इस सीरीज के बाद समाप्त हो सकता है रोहित का टेस्ट करियर

**–पांच पारियां में बनाये हैं केवल 31 रन**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट करियर खतरे में नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज में रोहित एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट में सभी उम्मीद कर रे थे कि वह दूसरी बारी में रन बनाकर टीम को हार से बचाएंगे पर ऐसा नहीं हुआ और वह 9 रनों पर ही आउट हो गये। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज उनकी अंतिम टेस्ट सीरीज भी हो सकती है। माना जा रहा है कि इस सीरीज के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित के भविष्य पर गंभीरता से विचार कर सकता है। मेलबर्न टेस्ट के अंतिम दिन उनके पास बड़ी पारी खेलकर अपनी जगह बचाने का अवसर था पर वह उसमें विफल रहे।

पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी दूसरी पारी में 234 रन पर आउट हुई। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए रोहित 40 गेंद खेलकर केवल 9 रन बना पाये। वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर मिचेल मार्श के हाथों कैच हुए।

इस सीरीज में जब भी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की गयी उन्होंने निराश किया। रोहित बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में भी 3 रन ही बना पाये थे। पिछली 9 पारियों में वह 20 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंचे हैं। पिछली 15 पारियों में वह केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। इस सीरीज में उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाये हैं। इस दौरे पर 5 पारी में रोहित शर्मा केवल 31 रन ही बना पाए हैं।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# जुनैद-खुशी की लवयापा 7 फरवरी को होगी रिलीज

**आमिर खान के बेटे जुनैद खान और खुशी कपूर एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए तैयार हैं। इस साल की शुरुआत में सितंबर में आधिकारिक घोषणा की गई थी। और आज, निर्माताओं ने अद्वैत चंदन की निर्देशित फिल्म का नाम लवयापा घोषित किया है जो 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। सोशल मीडिया पर इस घोषणा के बाद फैंस का उत्साह काफी बढ़ गया है।**

### जुनैद-खुशी के फिल्म का टाइटल रिवील

खुशी कपूर ने आज यानी 26 दिसंबर तो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जुनैद खान के साथ अपनी अगली फिल्म का टाइटल रिवील किया है। अद्वैत चंदन की निर्देशित इस फिल्म का नाम लवयापा है। मेकर्स ने टाइटल की घोषणा करते हुए उसके कैप्शन में लिखा, सिचवेशन शिप? रिलेशनशिप? लव का सियापा? या लवयापा। 7 फरवरी को आपसे सिनेमाघरों में होगी मुलाकात।

### सोशल मीडिया पर मिली यह प्रतिक्रिया

घोषणा के तुरंत बाद, कई इंटरनेट यूजर्स ने फिल्म के बारे में अपनी उत्सुकता जाहर करते हुए कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा, वाह, जुनैद की एक और फिल्म आने वाली है। देखने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे यूजर ने लिखा, यह काफी अच्छा लग रहा है। फिल्म का टाइटल भी काफी अलग है। जबकि एक और यूजर ने लिखा, जुनैद वाकई एक अच्छे अभिनेता हैं। अभिनय उन्होंने अपने पिता से विरासत में ली है। एक बार फिर उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हूं।

### हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी फिल्म

मालूम हो कि इस साल की शुरुआत में सितंबर में निर्माताओं ने फिल्म के बारे में आधिकारिक घोषणा की थी । उस समय, निर्माताओं ने एक विशेष पोस्ट साझा की थी, जिसमें एनिमेटेड पुरुष और महिला नायक थे। एक तरफ जहां लड़की को अपने फोन पर सेल्फी क्लिक करते हुए देखा गया था। आगे बताया गया था कि फिल्म प्यार, पसंद के बीच की हर चीज के बारे में है। यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी।



# अर्जुन कपूर के मैं सिंगल हूं बयान पर मलाइका ने तोड़ी चुप्पी

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर कई साल रिलेशनशिप में रहे। दोनों के प्यार के चर्चे मीडिय की सुर्खियां बने। दोनों की बॉन्डिंग और प्यार देख फैंस इनकी शादी के कयास लगा ही रहे थे कि खबरें ब्रेकअप की आ गईं। दोनों की राहें अब जुदा हैं। फिल्म सिंघम 3 के प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर अपना रिलेशनशिप स्टेटस स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, मैं अब सिंगल हूं। एक्टर की इस टिप्पणी पर हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने प्रतिक्रिया दी है।

### बोलीं- ये उनकी समझ है

मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के खुद को सिंगल बताने के कमेंट पर रिएक्ट किया है। अभिनेत्री ने कहा कि वे अपनी निजी जिंदगी के कुछ पहलुओं को निजी रखना पसंद करती हैं। मलाइका ने ई-टाइम्स के साथ बातचीत में यह कहा। मलाइका ने कहा, मैं अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करने के लिए कभी भी पब्लिक प्लेटफॉर्म नहीं चुनूंगी। अर्जुन ने जो भी कहा, वह उनकी समझ है। उनका विशेषाधिकार है।


### जिंदगी में आगे बढ़ने की दी सीख

मलाइका अरोड़ा ने अपनी जिंदगी की पिछली चुनौतियों का भी जिक्र किया। हालांकि, आने वाले वक्त के लिए वे सकारात्मक रुख अपनाए दिखीं। मलाइका ने कहा कि यह सभी के लिए आगे बढ़ने और नए साल को अपनाने का समय है। जिंदगी में उनके लिए नए सिरे से शुरुआत के संकेत हैं।

### मलाइका ने शुरू किया नया रेस्तरां

अर्जुन कपूर नवंबर में रिलीज हुई फिल्म सिंघम 3 में नेगेटिव रोल में नजर आए। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान वे दिल्ली के एक इवेंट में शामिल हुए। उन्हें देखकर लोगों ने मलाइका का नाम लेना शुरू कर दिया। इस पर अर्जुन कपूर ने कहा था, नहीं अब मैं सिंगल हूं, रिलैक्स करो। यूं तो दोनों के ब्रेकअप की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। लेकिन, अर्जुन कपूर के इस बयान के बाद दोनों का ब्रेकअप कंफर्म हो गया था। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में मुंबई के बांद्रा में अपना नया रेस्तरां शुरू किया है।

# रवीना टंडन की बेटी राशा ने सोलो फोटो से किया इंकार? जल्द रिलीज होगी डेब्यू फिल्म



बाकी स्टार किड्स की तरह रवीना टंडन की बेटी राशा भी बॉलीवुड में कदम रखने वाली है। वह अकसर ही अपनी मां रवीना टंडन के साथ सोशल इवेंट्स पर नजर आती हैं। हाल ही में मां-बेटी को साथ देखा गया। जहां राशा, पैपराजी को सोलो फोटो ना देने की बात कहती हैं। जब पैपराजी ने राशा थडानी से सोलो फोटो के लिए पोज करने को कहा तो, यंग एक्ट्रेस ने कहा कि मम्मी साथ में है तो वह सोलो फोटो कैसे दे सकती है। ऐसे में रवीना टंडन ने राशा को सोलो फोटो देने को कहा। खुद रवीना टंडन कार में बैठ गई। इसके बाद राशा ने सोलो फोटो के लिए पोज दिए। वह जल्द से सोलो फोटो खिंचवाकर मम्मी के साथ कार में बैठ गईं।

### फिल्म 'आजाद' है डेब्यू फिल्म

जल्द ही राशा थडानी की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'आजाद' रिलीज होगी। फिल्म में वह एक अमीर लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। इसमें वह अमन देवगन की हीरोइन बनी हैं। साथ ही फिल्म में अजय देवगन भी एक अहम रोल निभाते हुए दिखेंगे। इस फिल्म को अभिषेक कपूर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म का बैकग्राउंड आजादी से पहले का नजर आता है। 'आजाद' एक एक्शन, एडवेंजर ड्रामा फिल्म है।

### फिल्म का प्रमोशन भी कर रही हैं

इन दिनों राशा थडानी और अमन देवगन को फिल्म 'आजाद' का प्रमोशन करते हुए भी देखा जा रहा है। पिछले दिनों दोनों एक्टर बनारस में नजर आए थे।

# बेटी दुआ को छोड़ शूटिंग पर लौटेंगी दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण ने कल्कि 2898 एडी में प्रभास के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी, जो फिल्म सुपरहिट रही। कल्कि 2 का एलान हो चुका है, दूसरे भाग में दीपिका की भूमिका भी होगी। फिल्म की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होगी। हाल ही में दीपिका ने रणवीर के साथ पहले बच्चे के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया, जिसके बाद से वह ब्रेक पर है। हाल ही में दुआ पादुकोण सिंह को मीडिया से मिलवाने के लिए दोनों ने एक समारोह आयोजित किया, जिसमें उन्होंने कल्कि 2 के बारे में बात की। इस दौरान दीपिका ने खुलासा किया कि वे बेटी दुआ को खुद पाल-पोष के बड़ा करना चाहती हैं, कोई नैनी नहीं रखना चाहतीं। ऐसे में उन्होंने कहा कि कल्कि 2 की शूटिंग के लिए वह इंतजार कर सकती हैं, लेकिन दुआ उनकी प्राथमिकता हैं।




# रणवीर सिंह-आर माधवन की एक्शन फिल्म धुरंधर पर सामने आया अपडेट

निर्देशक आदित्य धर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे हैं। फिल्म एक्शन से भरपूर है। अब इससे जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इसका टाइटल लीक हो गया है। दरअसल, इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। इसकी जानकारी एक्टर राकेश बेदी ने साझा की। इसके साथ उन्होंने केक कटिंग की फोटो भी पोस्ट की, जिसमें फिल्म का टाइटल लिखा है।

### क्या है आगामी फिल्म का नाम?

आदित्य धर की एक्शन से भरपूर इस फिल्म का नाम है धुरंधर। केक पर यही नाम लिखा है। साथ ही शूटिंग पूरी होने की जानकारी भी साथ है। केक पर रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल की तस्वीरें भी है। अमृतसर में इस फिल्म की शूटिंग करीब एक महीने तक चली।

### अगले साल परदे पर आएगी फिल्म

एक्टर राकेश बेदी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कस्टम केक की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, फिल्म धुरंधर का अमृतसर का महीनेभर का शेड्यूल पूरा हो गया है। इस फिल्म को आदित्य धर प्रोड्यूसर कर रहे हैं और निर्देशन भी वही कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह है।

### हाल ही में किए स्वर्ण मंदिर के दर्शन

हाल ही में अमृतसर शूट के दौरान फिल्म की स्टारकास्ट स्वर्ण मंदिर के दर्शन करने भी पहुंची थी। इस दौरान फिल्म के निर्देशक आदित्य धर, यामी गौतम अपने बेटे वेदाविद के साथ नजर आए। साथ में संजय दत्त और रणवीर सिंह भी स्वर्ण मंदिर माथा टेकने पहुंचे। इस फिल्म में यामी गौतम के भी अहम रोल में होने की खबर है।

# ब्रेस्ट कैंसर से जंग के बीच हिना खान करेंगी टीवी पर नई पारी की शुरुआत? गृहलक्ष्मी में आएंगी नजर



टीवी अभिनेत्री हिना खान, जो वर्तमान में स्तन कैंसर से लड़ रही हैं, गृहलक्ष्मी के साथ पर्दे पर एक वापसी कर रही हैं। कैंसर से चल रही लड़ाई के बावजूद, हिना ने आगे बढ़ने का फैसला किया है।

गृहलक्ष्मी लचीलापन, अस्तित्व और व्यक्तिगत परिवर्तन की एक आकर्षक कहानी बताती है। यह ड्रामा एपिक ऑन पर स्ट्रीम होगा। इस सीरियल में शक्ति और अस्तित्व के इर्द-गिर्द की मनोरंजक कहानी दिखाई जाएगी। हिना के अलावा चंकी पांडे, राहुल देव और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी नजर आएंगे। शो के निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है।

एक भावपूर्ण पोस्ट में, ये रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री ने लिखा, मेरे निदान के बाद मेरा पहला कार्य असाइनमेंट। बात पर अमल करना चुनौतीपूर्ण है, खासकर जब जीवन की सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, बुरे दिनों में खुद को आराम दें। यह ठीक है... आप इसके लायक हैं। हालांकि, अच्छे दिनों में अपना जीवन जीना न भूलें, चाहे वे कितने भी कम क्यों न हों। ये दिन अभी भी महत्वपूर्ण हैं। बदलाव को स्वीकार करें, अंतर को अपनाएं और इसे सामान्य बनाएं।

कैंसर से जंग जारी

28 जून को हिना खान ने पुष्टि की कि उन्हें स्टेज तीन ब्रेस्ट कैंसर है। अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने एक नोट शेयर किया, जिसमें लिखा था, सभी को नमस्कार, हाल ही में आई अफवाह को संबोधित करते हुए, मैं सभी हिनाहोलिक्स और उन सभी लोगों के साथ कुछ महत्वपूर्ण समाचार साझा करना चाहती हूं, जो मुझसे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज तीन ब्रेस्ट कैंसर है। इस चुनौतीपूर्ण निदान के बावजूद, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मैं इस बीमारी पर काबू पाने के लिए मजबूत, दृढ़निश्चयी और पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उभरने के लिए हर जरूरी काम करने के लिए तैयार हूं।



# मैं नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी लगा रहा हूं, अपना बेस्ट दूंगा

फालतू, रंगरेज, मित्रों और अन्य फिल्मों से अपनी पहचान बनाने वाले जैकी भगनानी ने कहा है कि जमीन से जुड़े रहने और आशावादी बने रहने के लिए वो लोगों में अच्छाई देखना पसंद करते हैं।

कलयुग अंधकार का युग है

एक्टर ने पौराणिक कथाओं का हवाला देते हुए दुनिया में हो रही घटनाओं की तुलना कलयुग से की। उन्होंने दर्शकों को याद दिलाया कि कलयुग अंधकार का युग है, जब दुनिया में दर्द, दुख, झगड़े और पाखंड हावी होते हैं।

यह आप पर है कि आप ग्लास को आधा खाली या आधा भरा देखना चाहते हैं उन्होंने कहा, जीवन के हर क्षेत्र में अच्छाई और बुराई एक साथ मौजूद है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप ग्लास को आधा खाली या आधा भरा हुआ देखना चाहते हैं, क्योंकि दोनों ही वास्तविकताएं हैं। अगर आप स्कीइंग कर रहे हैं और लगातार पेड़ों को देख रहे हैं तो आप उनसे टकरा जाएंगे। लेकिन अगर आप आगे के रास्ते पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप इसे आसानी से नेविगेट कर लेंगे।

### परिवार को असफलताओं के बाद उठते देखा है

जैकी के लिए इस वक्त जीवन का अधिकतम लाभ उठाना और बैरियर के बारे में न सोचना जीवन की चुनौतियों पर काबू पाने की कुंजी है। अपनी पर्सनल जर्नी पर बातें करते हुए, उन्होंने अपने परिवार को उनमें लचीलापन और आशावाद पैदा करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैंने अपने परिवार को असफलताओं के बाद उठते और जीतते देखा है। मैं लोगों में अच्छाई देखना चुनता हूं क्योंकि यह मुझे जमीन से जुड़ा रखता है। हर किसी की अपनी यात्रा होती है। मैं जागना चाहता हूं, दुनिया की सुंदरता देखना चाहता हूं। मैं इसी तरह अपना जीवन जीना चाहता हूं।

मैं नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी लगा रहा हूं

जब उनसे उनकी भविष्य की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो जैकी ने कहा, मैं नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी लगा रहा हूं और नए साल में मैं इंडस्ट्री को अपना बेस्ट देना चाहूंगा, जिसने मुझे कई पॉजिटिव सबक सिखाए हैं।

### सोशल मीडिया धारणा को हकीकत में बदल देती है

इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया के दौर पर बात की थी। उन्होंने कहा कि समय के साथ सोशल मीडिया धारणा को हकीकत में बदल देती है।

# सूर्या की अगली फिल्म का नाम होगा रेट्रो

सूर्या और निर्देशक कार्तिक सुब्बराज की अगली फिल्म का नाम सामने आ गया है। इस फिल्म का नाम रेट्रो रखा गया है। इसमें सूर्या के साथ पूजा हेगड़े भी लीड रोल में दिखाई देगी। ये एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी रिलीज कर दिया है। यह टीजर सूर्या और पूजा के किरदार को बनारस के घाट के किनारे बैठे हुए दिखाता है। पूजा हल्के गुलाबी रंग की साड़ी में हैं, जबकि सूर्या इसमें काले कुर्ते में नजर आ रहे हैं। पूजा उनके हाथ में एक पवित्र धागा बांधती हैं। सूर्या उनकी आंखों में देखकर तमिल में कहते हैं... मैं अपने गुस्से पर काबू पाऊंगा। मैं अपने पिता के साथ काम करना छोड़ दूंगा। मेरे जीवन का उद्देश्य तुम्हारे शब्दों में प्रेम है। शुद्ध प्रेम। अब्ब बताओ क्या हमें शादी कर लेनी चाहिए? सूर्या को आखिरी बार फिल्म कंगुवा में देखा गया था।

